mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-05 अंक-291 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

23 अक्टूबर 2025 गुरुवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



महिला विश्व कप...

@ पेज 7

## बेंगलुरु की खस्ताहाल सड़कें, चिदंबरम बोले- दिक्कत पैसों की नहीं

काम की निगरानी की जाए; किरण शॉ ने कहा था- मैं 10 सड़कें बनवा दूंगी




**बेंगलुरू, एजेंसी।** बेंगलुरु की खस्ताहाल सड़कों पर बायोकॉन चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ के ऑफर का कांग्रेस सांसद पी चिदंबरम ने स्वागत किया है। चिदंबरम ने कहा, दिक्कत पैसों की नहीं, बल्कि काम के सही तरीके से न होने की है। सरकार को काम के ठेके के अलावा काम की निगरानी के लिए भी किसी कंपनी को ठेका देना चाहिए।

दरअसल किरण शॉ ने 19 अक्टूबर को कहा था, बेंगलुरु का इंफ्रास्ट्रक्चर लगातार बिगड़ता जा रहा है। अगर सरकार सड़कों की मरम्मत नहीं कर सकती, तो मैं खुद 10 सड़कें बनवा दूंगी।

इस पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को बेंगलुरू में एक जनसभा में कहा था कि जिन लोगों ने यहां कारोबार शुरू किया है, वे आगे बढ़े हैं। बड़ा होने के बाद, वे भूल गए हैं कि वे किस स्तर से आगे बढ़े हैं।

### लेह एपेक्स बॉडी-कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की केंद्र सरकार के साथ बैठक, हिंसा के बाद पहली मुलाकात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लद्दाख में बीते दिनों हुई हिंसा के बाद पहली बार बुधवार को लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की केंद्र सरकार के साथ बैठक हुई। बीती 24 सितंबर को हुई हिंसा के बाद दोनों पक्षों में गतिरोध बना हुआ था। बैठक में लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के तीन-तीन प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। बैठक में लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा जान और उनके वकील भी शामिल हुए। बातचीत का मुख्य एजेंडा लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा की मांग रही।

## अमेरिका जा रहा एअर इंडिया विमान रास्ते से मुंबई लौटा

*3 घंटे बाद पायलट को खराबी का शक हुआ, दोनों तरफ की उड़ानें रद्द*

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट ढ्ढ-191 को उड़ान के 3 घंटे बाद तकनीकी खराबी के बाद वापस लौटना पड़ा। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह खराबी क्या थी।

फ्लाइट रडार-24 के मुताबिक विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से देर रात 1:15 बजे उड़ान भरी थी। करीब तीन घंटे बाद क्रू को खराबी की आशंका हुई। इसके बाद इसे मुंबई लैंड कराने का फैसला लिया गया। लैंडिंग के बाद विमान को जांच के लिए सर्विस से बाहर कर दिया गया।

## भारत दुनिया का नौवां सबसे बड़ा वन क्षेत्र वाला देश बना, वार्षिक वृद्धि में तीसरे स्थान पर बरकरार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने वन क्षेत्र के मामले में वैश्विक स्तर पर 10वें स्थान से बढ़कर 9वां स्थान हासिल कर लिया है और वार्षिक वन वृद्धि में तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति बरकरार रखी है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा बाली में जारी ग्लोबल फॉरेस्ट रिसोर्स असेसमेंट 2025 रिपोर्ट में दी गई है। पर्यावरण मंत्रालय ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में किए गए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और सामुदायिक वन सुरक्षा प्रयासों की सफलता बताया है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसे सतत वन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण में भारत की एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियानों और राज्यों द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है।

**दुनिया में कुल वन क्षेत्र 4.14 अरब हेक्टेयर**

बता दें कि विश्व के कुल वन क्षेत्र का आकार 4.14 अरब हेक्टेयर है, जो पृथ्वी की 32त्न जमीन को घेरता है। इनमें से 54त्न हिस्सा केवल पांच देशों रूस, ब्राजील, कनाडा, अमेरिका और चीन के पास है। भारत अब ऑस्ट्रेलिया, कांगो और इंडोनेशिया के बाद नौवें नंबर पर है। वहीं वन क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि की बात करें तो 2015 से 2025 के बीच चीन ने प्रति वर्ष 16.9 लाख हेक्टेयर, रूस ने 9.42 लाख हेक्टेयर और भारत ने 1.91 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र बढ़ाया है।

**इन देशों में हुई जबरदस्त वृद्धि**

इसके साथ ही अन्य देशों में तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और वियतनाम भी शामिल हैं, जिनमें उल्लेखनीय वृक्ष वृद्धि दर्ज हुई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 1990 से 2025 के बीच एशिया ही एकमात्र क्षेत्र है जहां वन क्षेत्र में निरंतर वृद्धि हुई है, जिसका नेतृत्व चीन और भारत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि दुनिया में वार्षिक वन क्षय दर भी कम होकर 10.7 मिलियन हेक्टेयर (1990) से घटकर अब 4.12 मिलियन हेक्टेयर (2015-2025) रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अब दुनिया के 20त्न वन क्षेत्र कानूनी रूप से संरक्षित हैं, जबकि 55त्न वन क्षेत्र लंबी अवधि की योजनाओं के तहत प्रबंधित किए जा रहे हैं।

## तमिलनाडु में भारी बारिश, 5 जिलों में स्कूल बंद : चेन्नई के मरीना बीच पर तूफान का खतरा

### केरल, आंध्र और पुडुचेरी में भी अलट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के दक्षिण राज्यों में उत्तर-पूर्वी मानसून के कारण बीते 2 दिन से तेज बारिश हो रही है। तमिलनाडु में आज बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी है। राज्य के तिरुवल्लूर, चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और डेल्टा जिलों में मंगलवार से बारिश जारी है। चेन्नई में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। यहां अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट है। कुड्डालोर, विल्लुपुरम, रानीपेट, थूथुकुडी जिलों में भी स्कूल-कॉलेज में छुट्टी घोषित की गई है। तमिलनाडु सरकार ने प्रशासन को अलर्ट मोड रहने का निर्देश दिया है।

इधर, बारिश के बीच चेन्नई के मरीना बीच से तेज समुद्री लहरें हवाएं तट से टकरा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, अगले कुछ दिन तूफान की आशंका बनी रहेगी। प्रशासन ने मछुआरों और तटीय इलाकों के लोगों से सतर्क रहने को कहा है।

तमिलनाडु के अलावा केरल, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी में भी बारिश जारी है। पुडुचेरी और कराईकल में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में प्रशासन



अलर्ट पर है। स्कूल में छुट्टी कर दी गई है।

**अगले सात दिनों तक बारिश का अनुमान**

IMD ने 19 अक्टूबर की मौसम रिपोर्ट में अगले सात दिनों तक केरल, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश और दक्षिणी कर्नाटक में बारिश का अलर्ट जारी किया था। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, तटीय कर्नाटक, रायलसीमा, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भी तूफान के साथ बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने तमिलनाडु के इरोड, नीलगिरी, कोयंबटूर, तिरुप्पुर, डिंडीगुल, थेनी, मदुरै, विरुधुनगर, रामनाथपुरम, शिवगंगा, पुदुक्कोट्टई, तंजावुर, तिरुवरुर, कराईकल, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, कुड्डालोर और नागपट्टिनम में 64 से 111 मिमी तक बारिश होने की संभावना जताई।मौसम मिवभ ने चेतावनी जारी की है कि केरल और कर्नाटक के तटों पर 35 से 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है, जो 55 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। समुद्र में लहरें ऊंची हो सकती हैं, इसलिए मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

महागठबंधन में सीटों पर तनातनी बढ़ी

## लालू-तेजस्वी से मिले अशोक गहलोत; कहा- ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, सब साफ हो जाएगा



**पटना, एजेंसी।** बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन में कांग्रेस और RJD के बीच सीटों और साझा घोषणा पत्र को लेकर खींचतान बढ़ गई है। मामला सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को पटना भेजा है। गहलोत बुधवार सुबह पटना पहुंचे। उन्होंने RJD प्रमुख तेजस्वी यादव और लालू यादव से उनके आवास पर एक घंटे मुलाकात की। गहलोत ने कहा, हमारी लालू जी और तेजस्वी यादव से अच्छी बातचीत हुई है। कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी और सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

### तेजस्वी के 3 चुनावी घोषणाएं

तेजस्वी ने सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गठबंधन पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा- गठबंधन पर कल बात करेंगे। 12 सीटों पर महागठबंधन के दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने चुनावी ऐलान भी किए।

**पहला-** सीएम जीविका दीदियों को सरकारी कर्मचारी दर्जा दिया जाएगा। इनकी सैलरी 10 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए महीने की जाएगी।

**दूसरा-** सभी संविदा कर्मियों को स्थायी किया जाएगा।

**तीसरा-** हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

पप्पू यादव बोले- राहुल गांधी के चेहरे पर लड़ेंगे तो जीतेंगे

महागठबंधन में अब छ्रूफेस को लेकर खींचतान जारी है। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा, बिहार की जनता राहुल गांधी के चेहरे पर चुनाव लड़ना चाहती है। राहुल गांधी के चेहरे पर चुनाव लड़ेंगे तो हम INDIA गठबंधन की सरकार बना पाएंगे।

### बिहार में चुनाव एलान के बाद 71.32 करोड़ से अधिक की जब्ती, पाबंदी के बावजूद पकड़ी जा रही शराब

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से अब तक प्रवर्तन एजेंसियों ने नकदी, मादक पदार्थ, शराब और कीमती धातुओं सहित कुल 71.32 करोड़ रुपये से अधिक की वस्तुएं जब्त की हैं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को जानकारी दी कि 6 अक्तूबर को चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाने के बाद से अब तक बहु-एजेंसी समन्वय के तहत विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में संयुक्त कार्रवाई की गई है। बता दें कि बिहार में 2016 से शराबबंदी लागू है, जब राज्य सरकार ने शराब की बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। इसके बावजूद, चुनाव के दौरान भारी मात्रा में शराब की बरामदगी हुई है।



## केरल में राष्ट्रपति मुर्मू का हेलिकॉप्टर गड्ढे में फंसा पुलिस, फायर स्टाफ ने धक्का मारकर निकाला

### प्रेसिडेंट सबरीमाला मंदिर में दर्शन करने जा रही थीं

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलिकॉप्टर बुधवार को उतरने के बाद गड्ढे में फंस गया। मौके पर मौजूद पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने भारतीय वायुसेना के स्ख्रु-17 हेलीकॉप्टर को धक्का देकर गड्ढे से निकाला। प्रेसिडेंट सबरीमाला मंदिर में दर्शन करने जा रही थीं।

यह घटना केरल के पथानामथिट्टा स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में हुई। यहां हेलीपैड जल्दबाजी में बनाया गया था। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने कहा, कन्क्रीट पूरी तरह से जम नहीं पाया था, इसलिए जब हेलिकॉप्टर उतरा तो वह उसका भार नहीं संभाल सका और एक तरफ झुकने लगा। जहां इसके पहिए जमीन को छू रहे थे, वहां गड्ढे बन गए।

अधिकारियों के अनुसार, लैंडिंग की योजना मूल रूप से पंबा के पास निलक्कल में बनाई गई थी, लेकिन खराब मौसम के कारण इसे प्रामदम में बदल दिया गया। हालांकि, राष्ट्रपति मुर्मू ने बिना किसी देरी के सड़क मार्ग से अपनी





यात्रा जारी रखी।

राष्ट्रपति ने सबरीमाला मंदिर में दर्शन किए राष्ट्रपति मुर्मू ने आज सबरीमाला मंदिर में दर्शन किए। वे भगवान अय्यप्पा मंदिर में दर्शन करने वाली पहली महिला राष्ट्रपति हैं। 1970 के दशक में पूर्व राष्ट्रपति वीवी गिरी ने इस मंदिर का दौरा किया था।राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार को राज भवन में पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण करेंगी।

## दुनियाभर में एक तिथि पर रथयात्रा निकालना संभव नहीं, इस्कॉन ने जगन्नाथ मंदिर समिति को लिखा पत्र

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को एक ही तिथि पर आयोजित करने का प्रस्ताव अब विवाद का विषय बन गया है। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ यानी इस्कॉन ने पुरी के श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति को साफ शब्दों में कहा है कि दुनिया भर में एक ही तिथि पर रथयात्रा आयोजित करना संभव नहीं है। संगठन ने बताया कि विदेशी देशों में प्रशासनिक अनुमति, मौसम की स्थिति और स्वयंसेवकों की उपलब्धता जैसी व्यावहारिक चुनौतियों के कारण यह परंपरा निभाना मुश्किल है।

पुरी के गजपति महाराज दिब्यसिंह देब, जो मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने सितंबर में इस्कॉन को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि श्रीजगन्नाथ की स्नान यात्रा और रथ यात्रा केवल उसी तिथि पर आयोजित की जाए जो धार्मिक ग्रंथों और परंपरा में निर्धारित है। इस्कॉन ने स्नान यात्रा को निर्धारित ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि पर मनाने के लिए सहमति जताई, लेकिन रथयात्रा को लेकर वैश्विक एकरूपता पर असहमति व्यक्त की।



**इस्कॉन का पक्ष**

इस्कॉन की गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन गोवर्धन दास ने 19 अक्तूबर को भेजे पत्र में कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक ही तिथि पर रथयात्रा आयोजित करने में कई असाध्य बाधाएं हैं। संगठन ने बताया कि अधिकांश पश्चिमी देशों में भगवान जगन्नाथ के अनुयायियों की संख्या बहुत कम है। वहां स्थानीय प्रशासन केवल सप्ताहांत (वीकेंड) पर धार्मिक जुलूसों की अनुमति देता है ताकि शहरों के व्यावसायिक कार्य प्रभावित न हों।

पत्र में यह भी कहा गया कि कार्यदिवसों में अधिकांश स्वयंसेवक और श्रद्धालु अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों के कारण भाग नहीं ले पाते। कई मंदिरों के पास अपने रथ नहीं हैं, और एक ही रथ को कई शहरों में ले जाकर आयोजन किया जाता है।

**श्रीजगन्नाथ मंदिर समिति की प्रतिक्रिया**

इस बीच, गजपति महाराज दिब्यसिंह देब ने मंगलवार को इस्कॉन के इस रुख पर चिंता जताई और पुनः आग्रह किया कि संगठन अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे। उन्होंने कहा कि श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा को पूरी दुनिया में एक ही आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि से आरंभ होने वाले नौ दिवसीय शुभ कालखंड में ही मनाया जाना चाहिए। अपने पत्र में गजपति महाराज ने कहा कि जब महाशिवरात्रि, जन्माष्टमी, रामनवमी, गणेश चतुर्थी, होली, दीवाली, दुर्गा पूजा, वसंत पंचमी और मकर संक्रांति जैसे त्यौहार पूरी दुनिया में निर्धारित तिथि पर मनाए जाते हैं, तो रथयात्रा का अपवाद क्यों होना चाहिए।

## चिदंबरम बोले- लोकपाल को बीएमडब्ल्यू कारों की क्या जरूरत

### सुप्रीम कोर्ट के जज भी साधारण गाड़ियों से जाते; लोकपाल ने 5 करोड़ का टेंडर निकाला था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लोकपाल कार्यालय के 7 हाई-एंड बीएमडब्ल्यू 330 Li लॉन्ग व्हील बेस लग्जरी कारें खरीदने के फैसले की कांग्रेसी नेताओं ने आलोचना की है।

पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने सवाल उठाया कि जब सुप्रीम कोर्ट के जज साधारण सेडान कारों का इस्तेमाल करते हैं, तो लोकपाल के अध्यक्ष और 6 सदस्यों को बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों की क्या जरूरत है?

वहीं, अभिषेक सिंघवी ने ङ्म पर लिखा, भ्रष्टाचार विरोधी इस संस्था को अब अपने सदस्यों के लिए बीएमडब्ल्यू कारें खरीदते देखना दुखद है। यह ईमानदारी के रखवाले कम, विलासिता के पीछे भागने वाले ज्यादा लगते हैं।

लोकपाल कार्यालय ने 16 अक्टूबर को 7 BMW खरीदने के लिए एक टेंडर जारी किया था।



टेंडर के अनुसार, हर कार की कीमत 70 लाख रुपए से अधिक है, और कुल 7 कारों की लागत 5 करोड़ रुपए से ज्यादा होने की उम्मीद है।

**सिंघवी बोले- लोकपाल पालतू जानवर लगता है**

अभिषेक सिंघवी ने कहा कि उनके पिता डॉ. एलएम सिंघवी ने 1960 के दशक में लोकपाल की अवधारणा प्रस्तुत की थी, और वह खुद लोकपाल पर संसदीय समिति के अध्यक्ष रहे हैं। सिंघवी ने बताया कि 2019 में स्थापना के बाद से लोकपाल को 8,703 शिकायतें मिलीं, जिनमें से केवल 24 की जांच हुई और 6 मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई।

# दिवाली के दूसरे दिन भी दिल्ली-एनसीआर की हवा में जहर, आसमान में धुंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली के दूसरे दिन आज दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बरकरार है। हवा दमघोंटू बनी हुई है। हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आंकड़े जारी किए हैं। दिल्ली का औसत एक्यूआई 345-380 के बीच है। वहीं दूसरी तरफ ग्रेप-2 पूरी तरह से लागू है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के आरके पुरम क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 380 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी के अंतर्गत आता है। दिवाली के बाद, पटाखों के धुएं और अन्य मौसमी कारकों के कारण धुंध और स्मॉग की स्थिति और गंभीर हो गई है। यह स्थिति न केवल दिल्ली बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में चिंता का विषय बनी हुई है। दिल्ली के आईटीओ पर बुधवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (त्त्द्ध) 361 र्ज किया गया। वहीं अक्षरधाम के आसपास एक्यूआई 360 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में है। वहीं इंडिया गेट के आसपास वायु गुणवत्ता सूचकांक 362 दर्ज किया गया। दिल्ली में दीपावली के दूसरे दिन लोग कर्तव्यपथ पर मॉर्निंग वॉक पर निकले। जहां एक स्थानीय निवासी शैलेंद्र रे ने साइकिलिंग के दौरान कहा कि दिवाली के बाद आमतौर पर हवा की गुणवत्ता खराब हो जाती है। दृश्यता कम होती है। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति हर साल जैसी ही है। अभी सांस लेने में कोई समस्या नहीं है। चूंकि हम सुबह जल्दी निकलते हैं, इसलिए उस समय दृश्यता कम होती है।



**जानें दिल्ली में प्रदूषण को लेकर क्या बोलीं सीएम रेखा गुप्ता:** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने एक्यूआई को लेकर कहा कि हम सभी ने आंकड़े देखे हैं। अगर हम दिवाली के अगले दिन के आंकड़ों की तुलना पिछली सरकारों से करें, तो संख्या में कमी आई है। हालांकि पटाखे फोड़ने की अनुमति दी गई थी, लेकिन दिवाली और अगले दिन के बीच का अंतर कम हुआ है, जो प्रदूषण में कमी का संकेत है। सरकार दिल्ली के लिए जो भी संभव है। वो हमारी सरकार कर रही है।

**विपक्ष दोषारोपण का खेल खेलेगा- पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा :** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक इंटरव्यू के दौरान प्रदूषण को लेकर कहा कि विपक्ष दोषारोपण का खेल खेलेगा। उन्होंने 10 साल तक शासन किया। राजधानी को बर्बाद और लूटा है। अब, जब दिल्ली उभर रही है, तो उनके पेट में दर्द होना स्वाभाविक है। रेखा गुप्ता की सरकार के सात महीनों में दिल्ली से 2.5 मिलियन मीट्रिक टन कचरा हटाया गया। आज दिल्ली भर में चलने वाली सभी बसों को इलेक्ट्रिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट में बदल दिया गया है। लास्ट-माइल कनेक्टिविटी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सभी ऑटो अब ई-ऑटो हैं। आगे कहा कि डीपीसीसी के माध्यम से 500 से अधिक गज्जों के निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है और सख्त अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। निर्माण की निगरानी भी शुरू हो गई है। लगभग 15 हजार पुनर्स्थापित उद्योगों को नियमित किया गया। उनमें से 6 हजार को मानदंडों के तहत लाया गया। जिससे प्रदूषण समाप्त हो गया।

**यमुना नदी की सफाई के लिए बड़े पैमाने पर काम शुरू:** बातचीत के दौरान आगे कहा कि यमुना नदी में बहने वाला सीवेज इसे प्रदूषित कर रहा था। उस पर बड़े पैमाने पर काम शुरू हो गया है। एसटीपी जो बिना निगरानी के चल रहे थे और यमुना में गंदा पानी छोड़ने की समस्या को फिर से सुलझा लिया गया है। कई विकेंद्रीकरण परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि यमुना इतनी जल्दी इतनी साफ हो जाएगी। उनका हम पर आरोप लगाना स्वाभाविक है, और यह उनकी हताशा का संकेत है।

**सिरसा का आम आदमी पार्टी पर हमला :** दिवाली के कारण बढ़ते प्रदूषण पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह पटाखों की वजह से नहीं है। आम आदमी पार्टी पूरी ताकत लगा रही है कि दिल्ली में प्रदूषण दिवाली की वजह से है। उनका पूरा ध्यान इसी पर है क्योंकि उन्हें एक खास वोट बैंक को खुश करना है। वे यह कहकर दिवाली पर प्रतिबंध लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि दीये जलाने और पटाखे फोड़ने से धुआं निकलता है। आगे कहा कि डीपीसीसी और सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक दिवाली से एक रात पहले एक्यूआई 345 था। यह पिछले कई साल के मुकाबले कम है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अमित शाह को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि शाह के दृढ़ संकल्प और दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य होते देखे हैं। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। मां भारती के यश और गौरव को बढ़ाने में आपका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि शाह के दृढ़ संकल्प और दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य होते देखे हैं जो कभी असंभव प्रतीत होते थे, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 का हटना, महिलाओं के सम्मान हेतु त्रिपल तलाक का अंत, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम सीएए का क्रियान्वयन तथा नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम, ये सभी आपकी राष्ट्रनिष्ठा और अडिग नेतृत्व के प्रमाण हैं। सचदेवा ने कहा कि अमित शाह के मार्गदर्शन में देश ने एक नए आत्मविश्वास और एकता की भावना के साथ प्रगति की दिशा में अद्भुत गति प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि वे आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ जीवन और निरंतर राष्ट्रसेवा की शक्ति प्रदान करें।

## अंधेरी दिवाली-लड़कों ने लड़की की ओर फेंका पटाखा, फूट गई रूप की एक आंख; दूसरे से दिखाई दे रहा कम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के साकेत स्थित लाडो सराय इलाके में दिवाली के दिन शरारती लड़कों ने पटाखा (बम) जलाकर किशोरी पर फेंक दिया। पटाखा फटा को उसके धमाके से किशोरी की एक आंख फूट गई। उसकी एक आंख से खून बहने लगा और वह वहीं गिर गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन 17 साल की रूपा को लेकर एम्स ट्रामा सेंटर भागे। अस्पताल में उसका इलाज जारी है। परिजनों का आरोप है कि न तो पुलिस की ओर से उनको सहयोग मिल रहा है और न ही अस्पताल में रूपा का इलाज ठीक हो रहा है। पीड़िता को दूसरी आंख से भी कम दिखना शुरू हो गया है। परिजन इसको लेकर चिंतित हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन जारी है। मामले पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कुछ भी खुलकर बोलने के लिए तैयार नहीं हैं। जानकारी के अनुसार रूपा अपने परिवार के साथ पुरी चौक, लाडो सराय गांव में रहती है।

इसके परिवार में पिता अमोध पासवान, मां रेनु देवी दो बहनें व एक भाई है। रूपा के पिता एक दफ्तर में काम करते हैं, मां भी छोटे-मोटे सामान की रेहड़ी लगाती है। रूपा की मौसी ने बताया कि जिस इमारत में रूपा का परिवार रहता है, वहां एक अन्य किराएदार से परिवार का विवाद चल रहा है। माता-पिता के काम पर जाने के बाद बच्चे पानी भरते हैं, इस बात पर किराएदार से उनका विवाद हो जाता है। आरोप है कि सोमवार को रूपा अपनी दोनों बहनों के अलावा मौसेरी बहन के साथ मकान की छत पर थी। वहां किराएदार का बेटा अपने दोस्त के साथ वहां पहुंचा। आते ही आरोपियों ने पटाखे जलाकर लड़कियों को परेशान करना शुरू कर दिया। इस बीच आरोपी ने एक पटाखा जलाकर रूपा की ओर उछाल दिया।

पटाखे की चिंगारी रूपा की आंख में लगी और उसकी आंख से खून बहने लगा। आरोपी मौके से फरार हो गए। रूपा की बहनों ने परिजनों को सोरी बात बताई। इसके बाद पीड़िता को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। परिजनों का आरोप है कि 10.30 की घटना के बाद पुलिस को खबर दे दी गई थी। इसके बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। देर रात 3.00 बजे एक पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचा। परिवार का आरोप है कि उसने भी कोई खास कार्रवाई नहीं की। मामले पर पुलिस अधिकारी कुछ भी आधिकारिक बोलने को तैयार नहीं है।

## द्वारका पुलिस ने मुठभेड़ के बाद वांछित हत्या के आरोपित को पकड़ा


**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की द्वारका जिला पुलिस ने बीती देर रात सेक्टर-3 इलाके में मुठभेड़ के बाद एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपित ऋषभ उर्फ ऋतिक उर्फ डांसर बिंदापुर थाना क्षेत्र के एक हत्या मामले में वांछित था। पुलिस के मुताबिक, पुलिस टीम जब उसे पकड़ने पहुंची, तो उसने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो जाकर सीधे आरोपित के पैर में लगी। इस मुठभेड़ के दौरान जिले की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड द्वारका के इंस्पेक्टर सुभाष चंद को भी बाएं हाथ में गोली लगी। घायल इंस्पेक्टर को तत्काल वेंकटेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। द्वारका पुलिस ने मौके से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और दो खाली खोखे बरामद किए हैं। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बुधवार को बताया कि आरोपित बिंदापुर हत्याकांड के बाद से फरार चल रहा था ।

## महिला समेत दो लोगों के शव मिलने से सनसनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केशवपुरम इलाके में अलग-अलग जगहों से महिला समेत दो लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतकों की शिनाख्त वंदना सूद और दया किशन के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में दया किशन के सिर पर चोट के निशान मिले हैं, जबकि महिला के शरीर पर कोई चोट नहीं है। महिला के गहने भी सुरक्षित मिले हैं। पुलिस दोनों ही मामलों की सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, वंदना सूद परिवार के साथ आनंद निकेतन साउथ कैंपस इलाके में रहती थी और लंबे समय से बीमार चल रही थी। मंगलवार दोपहर वह घर से केशवपुरम के लिए निकली थी।

## नवंबर में होगी सिनेमा और कोरियन स्टडीज में पीएचडी के लिए परीक्षा, जेएनयू ने जारी किया नोटिस

**दिल्ली, एजेंसी।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय सिनेमा स्टडी सेंटर और कोरियन स्टडी सेंटर में पीएचडी में दाखिले के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित करेगा। यह फैसला विश्वविद्यालय की दाखिला शाखा ने किया है। इसके अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दोनों केंद्रों पर पीएचडी के लिए दाखिले सीबीटी के जरिये होंगे और वायवा भी होगा।



इस संबंध में विश्वविद्यालय ने एक नोटिस जारी किया है। जेएनयू में बाकी सभी केंद्रों पर पीएचडी में दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस वर्ष पीएचडी में करीब 800 दाखिले हुए हैं। जबकि इन दो केंद्रों की 22 सीटों पर दाखिले बाकी थे। दरअसल, सिनेमा स्टडीज और कोरियन स्टडीज विषय यूजीसी की सूची में शामिल नहीं है। यूजीसी ने मार्च-2024 में सभी विश्वविद्यालयों के लिए यूजीसी नेट परीक्षा के जरिये पीएचडी दाखिला नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (ह्रञ्ज) की ओर से आयोजित करना अनिवार्य किया था। दरअसल, सिनेमा स्टडीज और कोरियन स्टडीज विषय यूजीसी की सूची में शामिल नहीं हैं। यूजीसी ने मार्च 2024 में निर्देश दिया था कि पीएचडी दाखिले अब यूजीसी नेट परीक्षा के माध्यम से एनटीए द्वारा कराए जाएंगे। चूंकि ये विषय नेट में शामिल नहीं हैं, इसलिए जेएनयू ने स्वयं सीबीटी परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय जल्द ही परीक्षा की तिथि और आवेदन प्रक्रिया संबंधी सूचना जारी करेगा।

**जेएनयू के एसआईएस में दोबारा जीबीएम कराने के आदेश :** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज (एसआईएस) में दोबारा स्कूल जनरल बॉडी मीटिंग (जीबीएम) कराने के आदेश जारी किए गए हैं। यह कदम जेएनयू छात्र संघ के संयुक्त सचिव वैभव मीणा की शिकायत के बाद उठाया गया। वैभव मीणा ने शिकायत निवारण प्रकोष्ठ को पत्र लिखकर कहा था।

## चालक ने ट्रांसपोर्टर के पांच साल के बेटे की गला रेतकर की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नरेला के सन्नोठ गांव में ट्रांसपोर्टर के पांच साल के बेटे की उसके चालक ने गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त तेजस के रूप में हुई है। बच्चे का शव चालक के कमरे से मिला है। घटना के बाद से आरोपी कार चालक भागा हुआ है। पुलिस ने छानबीन करने के बाद हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और चालक की तलाश कर रही है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि मंगलवार दोपहर 3.30 बजे नरेला थाना पुलिस को न्यू सन्नोठ कॉलोनी में रहने वाले ट्रांसपोर्टर संजीव चौधरी ने अपने पांच साल के बेटे को अगवा होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि वह ट्रांसपोर्टर हैं और उनके पास सात-आठ चैंपियन गाड़ियां हैं। उन्होंने बताया कि उनका पांच साल का बेटा तेजस घर के बाहर खेल रहा था और अचानक लापता हो गया। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। पुलिस को पता चला कि बच्चे को उसके चालक नीटू के साथ उसके घर की ओर जाते हुए देखा गया था। नीटू ट्रांसपोर्टर के घर से कुछ दूरी पर रहता था। पुलिस की टीम उसके घर पर पहुंची। कमरे में बच्चे का लहूलुहान शव पड़ा था। बच्चे के गले को चाकू से रेता गया था। साथ ही ईंट से उसके सिर को कुचला गया था। उसके पेट में चाकू के घाव थे। पुलिस ने मौके पर क्राइम और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर छानबीन की और वहां से कई साक्ष्य हासिल किए। उसके बाद पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बलोच नेशनल मूवमेंट ने पाकिस्तान को बताया आतंकी मुल्क, अमेरिका में व्हाइट हाउस के सामने बांटे पर्चे

**क्वेटा/वाशिंगटन, एजेंसी।** बलोच नेशनल मूवमेंट (बीएनएम) ने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में व्हाइट हाउस के सामने जागरुकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने बलोचिस्तान के झारी क्षेत्र में मानवाधिकारों के उल्लंघन और वर्तमान स्थिति उजागर करने वाले पर्चे वितरित किए। इस अभियान का नेतृत्व बीएनएम अमेरिका के अध्यक्ष सामी बलोच ने किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है। झारी क्षेत्र में सेना लगातार आम लोगों पर जुल्म-ओ- सितम ढा रही है।



द बलोचिस्तान पोस्ट (पश्तो भाषा) की रिपोर्ट के अनुसार, सामी बलोच ने कहा कि बलोचिस्तान में मानवीय संकट बढ़ता जा रहा है। यूक्रेनी कार्यकर्ताओं ने बलोच लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की और दुनिया भर में स्वतंत्रता और न्याय के संघर्ष पर अपने विचार साझा किए। पर्चे में भी कहा गया कि पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है जो बलोच और अन्य उत्पीड़ित लोगों के संसाधनों का दोहन करता है। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और आर्थिक हितों के लिए बलोचिस्तान और राज्य के भौगोलिक महत्व को बेचता है। यही कारण है कि पश्चिमी देश पाकिस्तान के जनरलों और राजनेताओं के अपराधों पर चुप हैं। सामी बलोच ने कहा कि यह मानवता विरोधी तमाशा अब बंद होना चाहिए। बीएनएम के पर्चे में सेना लगातार बल प्रयोग कर रही है। सितंबर 2025 के मध्य में पाकिस्तानी सेना ने जहरी के अभियान चलाया।

## बांग्लादेश में जुलाई विद्रोह के दौरान हुए हत्याकांड में 15 मौजूदा सैन्य अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 (आईसीटी-1) ने आज सुबह 15 मौजूदा सैन्य अधिकारियों को जेल भेजने का आदेश दिया। इन सभी पर जुलाई विद्रोह के दौरान हत्या करने और दो लोगों को गायब करने का आरोप है। आईसीटी-1 के आदेश के बाद इन सभी सैन्य अफसरों को वैन से जेल ले जाया गया। इन सैन्य अधिकारियों को कड़ी सुरक्षा के बीच आज सुबह करीब 7ः00 बजे आईसीटी-1 के सामने पेश किया गया। बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार के पोर्टल पर प्रसारित रिपोर्ट के अनुसार, इन 15 अफसरों को पहले बांग्लादेश की सेना ने हिरासत में लिया। इसके बाद सभी को कड़ी सुरक्षा के बीच आज सुबह लगभग सात बजे आईसीटी-1 मुख्यालय ले जाया गया। मुख्यालय के



आसपास बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी), रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) और पुलिस का कड़ा पहरा रहा। आईसीटी-1 का आदेश आते ही सैन्‍ अधिकारियों को हरे रंग की एसी सुविधा वाली विशेष जेल ।द न्यायाधिकरण ने सभी 15 अधिकारियों को जेल भेजने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार जेल अधिकारियों के साथ मिलकर यह तय करेगी कि इन अधिकारियों को जेल में किस सुविधा में रखा जाएगा। ये अधिकारी हैं-मेजर जनरल शेख मोहम्मद सरवर हुसैन, ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद जहांगीर आलम, तोफायेल मुस्तफा सरवर, मोहम्मद कमरुल हसन, मोहम्मद महबूब आलम, मोहम्मद महबूबुर रहमान सिद्दीकी और अहमद तनवीर मजहर सिद्दीकी, कर्नल अनवर मोशिउर रहमान ज्वेल, सैफुल इस्लाम सुमन और मोहम्मद रेदोवानुल इस्लाम और मेजर रफत बिन आलम मून।

## प्रधानमंत्री का राजनीतिक दल प्रतिनिधियों से संवाद, चुनाव से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह

**काठमांडू, एजेंसी।** प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने अगले साल 5 मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव पर चर्चा के लिए मंगलवार को प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। चुनाव की तारीख घोषित होने के लगभग डेढ़ महीने बाद प्रधानमंत्री कार्की की पार्टी प्रतिनिधियों के साथ यह पहली औपचारिक बातचीत थी। सरकार की ओर से वित्त मंत्री रामेश्वर खनाल, ऊर्जा मंत्री कुलमन घिसिंग, गृह मंत्री ओम प्रकाश आर्यल, कृषि मंत्री मदन परियार, संचार मंत्री जगदीश खरेल और मुख्य सलाहकार अजय भद्र खनाल चर्चा में शामिल हुए।



राजनीतिक दलों के साथ बैठक के दौरान प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि सरकार समय पर भय मुक्त वातावरण में चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा उनकी कैबिनेट के सभी मंत्री, सुरक्षा एजेंसियां और पूरा सरकारी तंत्र सभी इसके लिए लगातार काम कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के साथ बातचीत में हुई देरी के बारे में प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि घायलों के इलाज, शहीदों के शवों के प्रबंधन, परिवारों के लिए राहत और आंदोलनकारियों की चिंताओं को सुनने पर ध्यान केंद्रित करना था इसलिए राजनीतिक दलों से वार्ता में कुछ समय लग गया।

प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि राष्ट्रपति ने अब बातचीत के द्वार खोल दिए हैं। यह जेनजेड और राजनीतिक दलों के लिए एक साथ बैठने, स्थिति को सामान्य करने और चुनावों की ओर बढ़ने का समय है। उन्होंने कहा कि सरकार अब निरंतर संवाद बनाए रखेगी और अगली वार्ता राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों और जेन जी के प्रतिनिधियों के साथ साझा रूप से किया जाएगा। उन्होंने सभी पक्षों से आगामी चुनावों की सफलता सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार उनकी चिंताओं और मुद्दों को दूर करने के लिए तैयार है।

इस बैठक में नेपाली कांग्रेस महासचिव गगन थापा और प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण महत, यू. एम. एल. महासचिव शंकर पोखरेल और उप महासचिव प्रदीप ज्ञवाली और माओवादी के तरफ से पंफा भूसल और वर्षमान पुन से भाग लिया। इसी तरह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष डॉ. स्वर्णिम वागल और सचिवालय की सदस्य सोबिता गौतम, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के महासचिव राजेंद्र गुरुंग और प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ, जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव और प्रकाश अधिकारी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संसदीय दल के नेता सर्वेन्द्र नाथ शुक्ला, नागरिक उनमुक्ति पार्टी के अध्यक्ष रेशम चौधरी और नेपाल मजदूर किसान पार्टी के प्रेम सुवाल भी उपस्थित थे। जनमत पार्टी के महासचिव चंदन कुमार सिंह ने प्रतिनिधित्व किया, जबकि एकीकृत समाजवादी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र पांडे और उपाध्यक्ष प्रकाश ज्वाला ने उनके पक्ष से भाग लिया। नागरिक समाज के दो प्रतिनिधियों किशोर भक्त श्रेष्ठ और विद्याधर मल्लिक को भी आमंत्रित किया गया था।

## यूक्रेन ने बढ़ाया रक्षा बजट, युद्धकाल में अब तक का सबसे बड़ा आवंटन

**कीव,एजेंसी।** यूक्रेन की संसद ने मंगलवार को देश के 2025 के बजट में संशोधन करते हुए रक्षा व्यय को रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ा दिया है। रूस के साथ जारी युद्ध के चौथे वर्ष में प्रवेश करते ही यह बढ़ोतरी यूक्रेन की सैन्य जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। संसद ने लगभग 325 अरब रिव्निया (करीब 7.7 अरब डॉलर) की अतिरिक्त राशि रक्षा क्षेत्र के लिए मंजूर की, जिससे कुल रक्षा खर्च बढ़कर 2.96 ट्रिलियन रिव्निया (करीब 70.86 अरब डॉलर) हो गया।

# जमीन विवाद में आदिवासियों पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश

## मारपीट में कई घायल; आरोपियों पर मामला दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** गढ़वा थाना क्षेत्र के घोघरा गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान आदिवासियों पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश और लाठी-डंडों से मारपीट की गई। घटना 19 अक्टूबर की है, जिसका वीडियो बुधवार को सामने आया है। घटना में एक पक्ष के कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**आदिवासियों की जमीन पर ट्रैक्टर से जबरन कर रहे थे जुताई:** सामने आए वीडियो में गांव के कुछ लोग आदिवासियों की जमीन पर ट्रैक्टर से जबरन जुताई करते दिख रहे हैं। जब आदिवासियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन पर ट्रैक्टर चढ़ाने का कोशिश की। साथ ही लाठी-डंडों से हमला किया।

**विरोध करने पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश, मारपीट का आरोप:** घायल रमापति बैगा ने बताया कि घोघरा गांव में उनकी 5 एकड़ निजी जमीन है, जिस पर शंकर बैंस और उसके साथियों ने जबरन ट्रैक्टर चलाकर जुताई शुरू कर दी। विरोध करने पर रमापति और उनके परिवार के साथ मारपीट की गई। गढ़वा थाना प्रभारी विद्या बारिधि तिवारी ने बताया कि झगड़े की सूचना मिलने पर रमापति बैगा और अन्य की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। शंकर बैंस और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

**पुराने जमीनी विवाद में की वारदात:** थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि यह एक पुराना जमीनी विवाद है, जिसका मामला एसडीएम कोर्ट में भी विचाराधीन है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। इस घटना में रमापति बैगा के साथ सुनील बैगा, शिवनाथ कोल और रामदास कोल को चोटें आई हैं।

## गोवर्धन पूजा में नहीं बुलाया तो पड़ोसी का मर्डर किया, सिर में फंसी रही कुल्हाड़ी; आरोपी दंपती और बेटा गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** गोवर्धन पूजा का निमंत्रण नहीं मिलने से नाराज परिवार ने पड़ोसी को कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। युवक के सिर में फंसी कुल्हाड़ी करीब 4 घंटे बाद निकाली जा सकी। बुधवार दोपहर को उसकी मौत हो गई। घटना रामपुर नैकिन में मंगलवार रात की है। पुलिस के मुताबिक, खड्डी गांव में रहने वाले सूरज मिश्रा (27) के घर में गोवर्धन पूजा थी। उन्होंने पड़ोसी यशोदा यादव, उसके पति सुखलाल यादव और बेटे मोले यादव को नहीं बुलाया था। रात करीब 9:30 बजे पूजा खत्म हुई। इसके बाद यशोदा यादव ने मिश्रा परिवार के घर के बाहर पत्थरबाजी शुरू कर दी।

यादव परिवार को ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से मिश्रा परिवार पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी का वार सूरज के सिर पर लगा। कुल्हाड़ी सिर में फंस गई। डायल-112 को सूचना दी गई। टीम पहुंची और सूरज को रामपुर नैकिन अस्पताल पहुंचाया। सूरज एक टू व्हीलर में सेल्समैन का काम करता था। वह दो बहनों के बीच इकलौता भाई था।

**डॉक्टरों ने कड़ी मशक्कत के बाद कुल्हाड़ी निकाली:** हालत गंभीर होने पर सूरज को रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसके सिर से कुल्हाड़ी निकाली, लेकिन बुधवार दोपहर करीब 12 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों यशोदा यादव, सुखलाल यादव और उनके बेटे मोले यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

## अवैध शराब पर 4 दिन बाद पुलिस कार्रवाई, जग्गा पाल के ठिकाने से 23 पाव जब्त; सोशल मीडिया से प्रेशर में आए अधिकारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले की कोतवाली पुलिस ने ग्राम खजुरी में अवैध शराब बिक्री के मामले में चार दिन बाद कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने और जनदबाव बढ़ने के बाद बुधवार देर शाम जग्गा पाल के ठिकाने से 23 पाव देशी शराब जब्त की गई। यह कार्रवाई पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम खजुरी के मॉडल स्कूल के पास एक कच्चे मकान में जग्गा पाल नामक व्यक्ति लंबे समय से अवैध शराब बेच रहा था। बताया गया है कि ठेकेदार यह शराब 180 में सप्लाई करते थे, जिसे स्थानीय दुकानदार 200 में बेचकर मुनाफा कमाते थे। ग्रामीणों ने पहले भी कई बार इसकी शिकायत की थी।



पिछले सप्ताह अवैध शराब बिक्री का वीडियो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में शराब की बोतलों की खुलेआम बिक्री और लोगों को शराब पीते देखा गया था। वीडियो वायरल होने के बावजूद कोतवाली पुलिस ने तीन दिनों तक कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने तभी कदम उठाया जब यह मामला जनदबाव और मीडिया का मुद्दा बन गया।

इस मामले पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस केवल ऊपर से दबाव आने पर ही कार्रवाई करती है। वहीं, कोतवाली थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल ने बताया कि पुलिस ने 23 पाव देशी शराब जब्त की है और आगे की जांच जारी है।

## खेत की मेड़ जोतने के विवाद में हत्या, पुलिस ने नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** जिले की गढ़वा थाना पुलिस ने एक हत्याकांड में शामिल चार आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया। इस वारदात में एक नाबालिग आरोपी भी शामिल है। यह पूरा विवाद खेत की मेड़ जोत लेने जैसी मामूली बात पर शुरू हुआ था।



गढ़वा थाना प्रभारी विद्या वारिधि तिवारी ने बताया कि यह विवाद 19 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के रेहड़ा गांव में हुआ था। हरिश्चंद्र ने उसी रात करीब 10 बजे पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी गुलाब बसोर अपने खेत की जुताई करा रहा था। इस दौरान उसने ट्रैक्टर से पड़ोसी सुरेश कुमार के खेत की मेड़ को भी जोत दिया।

सुरेश ने जब मौके पर इसका विरोध किया तो यह बात गुलाब बसोर को नागवार गुजरी। इसी रंजिश के चलते आरोपी गुलाब बसोर ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर पहले सुरेश को गाली-गलौज दी और फिर लाठी और बरछी से मारपीट कर दी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर घायल सुरेश कुमार को इलाज के लिए बैढ़न के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया था। हालांकि, गंभीर चोटों के कारण अगले ही दिन 20 अक्टूबर को इलाज के दौरान सुरेश कुमार की मौत हो गई। सुरेश की मौत के बाद से ही सभी आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने आज मुख्य आरोपी गुलाब बसोर, उसके छोटे भाई आनंद बसोर, गुलाब की पत्नी आशा बसोर और गुलाब के नाबालिग बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। सभी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है।

## कृषक अब ट्रैक्टर व कृषि यंत्र किराये पर बुक कर सकेंगे ऑनलाइन, जे फार्म सर्विसेज एप से मिलेगी सुविधा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** सहायक कृषि यंत्री ने जानकारी दी कि किसानों के लिए जे फार्म सर्विसेज एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है, जिसके माध्यम से किसान किराये पर ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। इसी प्रकार जिन किसानों के पास ट्रैक्टर या यंत्र उपलब्ध हैं, वे इस एप से अपनी सेवाएं भी प्रदान कर सकते हैं।

इस एप के उपयोग से खेती में मशीनों की उपलब्धता आसान होगी और किसान समय पर उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग कर उपज व लाभ दोनों बढ़ा सकेंगे।

वर्तमान में सीधी जिले में 1714 किसान, 227 कृषि यंत्र सेवा प्रदाता और 24 निजी कस्टम हायरिंग सेंटर पंजीकृत हैं। यह सुविधा एम.पी. किसान एप से भी प्राप्त की जा सकती है।कृषक बंधुओं से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल में एम.पी. किसान एप या जे फार्म सर्विसेज एप डाउनलोड कर कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा का लाभ अवश्य लें।

## पात्रता पर्ची की समीक्षा हेतु अंतिम अवसर - दावा-आपत्ति के लिए तीन दिन का अतिरिक्त समय

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत जिले में राशन प्राप्त कर रहे पात्र परिवारों की पात्रता की समीक्षा की जा रही है।

जिले में ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक है, जीएसटी का भुगतान करते हैं, अथवा किसी पंजीकृत कंपनी के स्वामी या संचालक हैं, उनके नाम से जारी पात्रता पर्चियों की जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से पूर्व में नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस प्राप्त परिवारों को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए 15 दिवस का समय दिया गया था।

अब अंतिम अवसर के रूप में 3 दिवस का अतिरिक्त समय प्रदान किया जा रहा है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित समयावधि उपरांत यदि दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो संबंधित परिवार की पात्रता पर्ची को राशन मित्र पोर्टल से विलोपित कर दिया जाएगा। इस संबंध में संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित परिवार के मुखिया की स्वयं की होगी।

## किसानों को नरवाई न जलाने तथा इससे जैविक खाद बनाने की सलाह

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे फसल कटाई के बाद खेतों में बची हुई नरवाई (फसल अवशेष) को किसी भी स्थिति में न जलाएं। नरवाई जलाने से एक ओर जहाँ खेतों में अग्नि दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है, वहीं इससे मिट्टी की उर्वरकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

नरवाई जलाने से निकलने वाला धुआँ वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ाता है, जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है, जहाँ खेती के लिए उपयोगी जीवाणु पाए जाते हैं। नरवाई जलाने से ये जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की गुणवत्ता घट जाती है।

यदि किसान फसल अवशेषों को एकत्रित कर नाडेप या वर्मी विधि से जैविक खाद तैयार करें, तो यह खेतों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस प्रकार तैयार खाद में फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा होती है।

इसके अतिरिक्त, किसान खेतों में रोटावेटर या डिस्क हैरो चलाकर फसल के बचे हुए भागों को मिट्टी में मिला सकते हैं। इससे मिट्टी की संरचना और उर्वरता में सुधार होता है।

फसल कटाई के बाद नरवाई को खाद में बदलने तथा बिना जुताई के बुवाई के लिए सुपर सीडर और हैप्पी सीडर मशीनों का उपयोग अत्यंत उपयोगी है। इससे नरवाई नष्ट करने, जुताई और बुवाई का खर्च एवं समय, तीनों में बचत होती है, साथ ही खेतों में जैविक खाद का निर्माण भी संभव हो जाता है।

## 27 को भोपाल में एसकेएम करेगा जंगी प्रदर्शन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** संयुक्त किसान मोर्चा मध्य प्रदेश द्वारा किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाली भावांतर योजना को खत्म कर एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की मांग, खाद संकट, आवारा पशु समस्या सहित प्रदेश के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने और ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है।

संयुक्त किसान मोर्चे के नेता और किसान संघर्ष समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू ने बताया कि मोर्चे के संगठनों के सभी साथी 27 अक्टूबर को सुबह 11:00 बजे नीलम पार्क भोपाल पहुंचेंगे।

उन्होंने कहा कि मोर्चे का एक बड़ा जत्था 26 अक्टूबर को रीवा से भोपाल के लिए रवाना होगा। सभी साथियों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण आंदोलन में शामिल होने के लिए भोपाल चलें।

किसान नेताओं ने कहा कि यह प्रदर्शन किसानों की समस्याओं को उजागर करने और उनकी आवाज को सरकार तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी किसानों से एकजुट होकर इस आंदोलन में भाग लेने की अपील की है, ताकि उनकी मांगों को मजबूती से उठाया जा सके।

## डेयरी व्यवसाय में आत्मनिर्भरता का मार्ग- आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना से सुनहरा अवसर

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** पशुपालन विभाग द्वारा जिले में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय के क्षेत्र में सशक्त बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। योजना के अंतर्गत परियोजना लागत का 75 प्रतिशत भाग बैंक ऋण के रूप में दिया जाता है, जबकि शेष 25 प्रतिशत राशि हितग्राही द्वारा अंशदान के रूप में वहन की जाती है। इसके साथ ही, 7 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज प्रतिपूर्ति अनुदान का लाभ भी पशुपालकों को प्राप्त होता है।

योजना का लाभ लेने के लिए पशुपालक के पास कम से कम पाँच पशु और एक एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। पशुओं की संख्या बढ़ने पर उसी अनुपात में कृषि भूमि का निर्धारण किया जाता है। योजना में एक इकाई की लागत 5 भैंसों के लिए 4 लाख 25 हजार रूपये, 5 शंकर नस्ल की गायों के लिए 3 लाख 82 हजार रूपये, तथा 5 देशी गायों के लिए 2 लाख 43 हजार 750 रूपये निर्धारित की गई है। वहीं, 10 दुधारू पशुओं के लिए यह लागत क्रमशः 10 भैंसों पर 8 लाख 40 हजार रूपये, 10 शंकर गायों पर 7 लाख 51 हजार रूपये, और 10 देशी गायों पर 4 लाख 75 हजार रूपये है।

## पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना नवीनीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**सीधी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सीधी ने जानकारी देकर बताया कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के नवीनीकरण आवेदनों के लिए एम.पी. टास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। यह पोर्टल वर्ष पर्यंत खुला रहेगा, जिससे पात्र विद्यार्थी अपने आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकेंगे। सभी शासकीय, अशासकीय एवं नोडल संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपने संस्थान में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को इस संबंध में सूचित करें तथा निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन करवाना सुनिश्चित करें।

## अब कोदो-कुटकी की समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी, किसान 24 तक कराएं पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया कि राज्य शासन द्वारा पहली बार कोदो और कुटकी फसलों का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने की नीति लागू की गई है। राज्य शासन ने कोदो और कुटकी उत्पादक किसानों के हित में यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इन फसलों के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 10 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है, जो 24 अक्टूबर तक किया जा सकेगा।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि विकासखण्ड सीधी में किसानों की सुविधा के लिए गांधीग्राम और चौफाल कोठार, विकासखण्ड रामपुर नैकिन के लिए कुडिया, बघवार तथा कंधवार, विकासखण्ड मझौली के लिए ताला, मझौली, विकासखण्ड सिहावल के लिए अमिलिया, बघोर एवं विकासखण्ड कुसमी के लिए टमसार में पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन्हीं समितियों के माध्यम से किसानों से उपार्जन किया जाएगा। उप संचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह चौहान ने बताया कि शासन द्वारा कोदो का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2500 रूपये प्रति क्विंटल तथा कुटकी का 3500 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसानों को दोनों फसलों पर 1000 रूपये प्रति क्विंटल बोनस भी मिलेगा। अधिकारियों ने किसानों से अधिक संख्या में पंजीयन कराने की अपील की। कार्यशाला में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और योजना की जानकारी प्राप्त की।

## सेवा सहकारी समिति क्योटी में समिति प्रबंधक के सह पर मोटी रकम लेकर किया गया फर्जी सिकमी पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** खरीफ फसल के धान उपार्जन को लेकर समितियों के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा था, जो 10 अक्टूबर तक किया गया। इस प्रक्रिया में पंजीयन के नाम पर एक बड़ा फर्जीबाड़ा सामने आया है।

आरोप है कि समिति प्रबंधक अपने चहेतों और सिकमी के नाम पर मोटी रकम लेकर फर्जी पंजीयन कर रहे हैं, जिसका सत्यापन बिना जांच के तहसील स्तर से किया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सेवा सहकारी समिति क्योटी सहित अन्य समितियों में फर्जी सिकमी का बड़ा खेल चल रहा है। यहां समिति प्रबंधक के सहयोग से ऑपरेटर द्वारा स्वयं की जमीन और सिकमी के पंजीयन में किसानों और व्यापारियों से प्रति सिकमी मोटी रकम लेकर फर्जी सिकमी की गई है।

अब तहसील स्तर पर सत्यापन के नाम पर भी मोटी रकम लेकर फर्जी सिकमी सत्यापित की जा रही है। बताया जाता है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैकड़ों फर्जी सिकमी हुए हैं।

किसानों ने कलेक्टर रीवा से मांग की है कि फर्जी सिकमी की सही जांच कर सत्यापित और असत्यापित पंजीयन को डिलेट किया जाए। साथ ही, जांच में दोषी समिति प्रबंधक और ऑपरेटर पर कार्रवाई की जाए।

इस मामले में सबसे ज्यादा सिकमी पंजीयन जवा और त्योंथर तहसील के किसानों के नाम पर क्योटी सेवा सहकारी समिति द्वारा किया गया है।

अब देखना होगा कि जिला कलेक्टर इस फर्जीबाड़े में क्या ठोस कदम उठाते हैं या सेमरिया विधायक अभय मिश्रा के द्वारा प्रेस वार्ता में दिए गए बयान सच साबित होते हैं।

## दूसरो को खुशी बांटे, तभी मिलेगा परम आनन्द



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** पूज्यपाद संत श्री आशाराम बापू जी अहमदाबाद द्वारा संचालित श्री योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश आहूजा ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि तय कार्यक्रम के अनुसार हर वर्ष दीपावली में दीपोत्सव मनाया गया। 20 अक्टूबर को दिन सुबह 8 बजे आरती, भजन, कीर्तन के बाद, फल व मिठाई षहर के विभिन्न जगहों में निःशुल्क वितरण किया गया। पूज्यपाद संत श्री आशाराम बापू जी का वीडियों द्वारा प्रसारित सत्संग के साथ सम्पन्न हुआ।

सुबह नींद में से उठो तो थोड़ी देर षांत हो जाओ। नींद में से उठते हैं तो वैसे ही शांति रहती है। उसके बाद चिंतन करो कि जो सत्, चित् है, आनंदस्वरूप है और मेरे हृदय में फुरफुरा रहा है, जो सृश्टि की उत्पत्ति, स्थिति और संहार का कारण है और मेरे शरीर की उत्पत्ति, स्थिति और लय का कारण है, उस सच्चिदानंद का मैं हूं और वह मेरा है। ऊँ शांति, ऊँ शांति आनंद...।

कार्यक्रम को सफल बनाने में भजनलाल सचदेव, कैलाश आहूजा, महेश साहू, रंजीत ठारवानी, जगत भाई, मधु शिवनानी, काशी खिलवानी, वंशिका तुलसानी, दिशा लालवानी आदि उपस्थित रहें।

# आलोकित हो हर मन, देश में उत्सव का वातावरण

संपादकीय

देश में उत्सव का माहौल है और दीवाली सबसे बड़ा पर्व है। धनतेरस पर खरीदारी से आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है। स्वदेशी उत्पादों पर जोर दिया जा रहा है और भारत को विकसित देश बनने का संकल्प पूरा करना है। दीवाली हमारी संस्कृति और विरासत का प्रतीक है, जो विश्व को भारतीयता से परिचित कराता है। यह पर्व नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मकता का प्रकाश फैलाता है।

पिछले कुछ दिनों से देश में उत्सव का जो वातावरण बना, वह अपने उत्कर्ष पर पहुंचकर प्रकाश पर्व के रूप में हमारे समक्ष है। दीवाली सबसे बड़ा पर्व है और इस नाते घरों से लेकर कार्यालय-कारखानों तक हर तरफ चहल-पहल दिखना और बाजारों में जमकर खरीदारी होना स्वाभाविक है। धनतेरस पर देश भर में जिस तरह बड़े पैमाने पर खरीदारी हुई, उसने यह दिखाया कि हमारे त्योहार किस तरह आर्थिक जीवन में प्राण फूंकते हैं। आज के इस युग में अर्थ की महत्ता कहीं अधिक बढ़ गई है। आर्थिक गतिविधियां देश विशेष की प्रगति का सूचक होती हैं।

जब आर्थिक गतिविधियों को बल मिलता है तो अर्थव्यवस्था गति पकड़ती है और उससे हर कोई लाभान्वित होता है। इस दीवाली के लिए स्वदेशी उत्पाद खरीदने पर विशेष बल दिया गया, लेकिन केवल इतना ही पर्याप्त नहीं। हमें और विशेष रूप से हमारे उद्योगपतियों को इस पर ध्यान देना होगा कि आने वाले समय में देशवासियों के समक्ष अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पाद खरीदने के विकल्प हों।

इससे भी आगे बढ़कर यह हो कि उनके उत्पाद विश्व बाजार में अपनी छाप छोड़ने वाले हों। ऐसा तब होगा, जब उनकी गुणवत्ता विश्वस्तरीय होगी। आत्मनिर्भर भारत के लिए हमारे उद्यमियों को वैश्विक बाजार में धाक जमाने वाले गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने की चुनौती को स्वीकार करना होगा। ऐसा करके ही भारत को सच्चे अर्थों में विकसित देश बनाया जा सकता है। भारत को विकसित देश बनने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए इसलिए सतत प्रयत्न करने होंगे, क्योंकि इससे ही हर भारतीय के जीवन को सुखमय बनाया जा सकेगा।दीवाली जैसे बड़े त्योहार हमें हमारी परंपराओं से भी जोड़ते हैं। प्रकाश पर्व बताता है कि हम किस पुरातन संस्कृति और विरासत के वारिस हैं। यह संस्कृति कितनी अक्षुण्ण है, इसका बखान करने के लिए दीवाली से उत्तम और कोई पर्व नहीं। इसीलिए दीवाली एक वैश्विक पर्व का रूप ले रहा है। यह केवल विश्व को भारत से ही नहीं, बल्कि भारतीयता से भी परिचित कराता है। दीवाली पर टिमटिमाते दीये और जगमग करतीं बिजली की झालरें हमें अपनी प्राचीन मान्यताओं के प्रति समर्पित रहने के साथ आधुनिकता का वरण करना सिखाती हैं।

## विज्ञान लोकप्रियकरण में हिंदी को बढ़वा देने की आवश्यकता

**संजय गोस्वामी**

विज्ञान लोकप्रियकरण में हिंदी को बढ़वा देने की आवश्यकता है आज हिंदी विज्ञान के प्रति घटती रुचि का मुख्य कारण विज्ञान को अंग्रेजी से कम रोजगारपरक मानना, हिंदी की कठिन शब्दावली, और विज्ञान शिक्षण के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कमी है। इसके अलावा, भाषा को निम्न-दर्जे का मानने की धारणा और हिंदी भाषी क्षेत्रों में विज्ञान को बढ़ावा देने वाले प्रभावी प्रयासों की कमी भी इसे प्रभावित करती है। रोजगार से जुड़ाव॰ अंग्रेजी को रोजगार की भाषा के रूप में देखा जाता है, जबकि हिंदी के साथ सीधा रोजगार का संबंध कम माना जाता है। ॰ कई बार जानबूझकर कठिन हिंदी शब्दावली का उपयोग किया जाता है, जिससे आम लोग विज्ञान से दूर हो जाते हैं। गलत दृष्टिकोण॰ बच्चों में यह धारणा पैदा की जाती है कि विज्ञान केवल तेज बच्चों के लिए है, जिससे उनकी रुचि कम हो जाती है। भाषा का निम्न-दर्जा॰ भाषा के निम्न-दर्जे का होने या पर्याप्त आधुनिक न होने की गलत धारणाएं हैं, जो युवाओं को हिंदी से दूर करती हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कमी॰ विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने और तार्किक क्षमता विकसित करने पर कम जोर दिया जाता है। समाधान प्रभावी शिक्षण॰ विज्ञान को सरल और रुचिकर बनाने के लिए प्रभावी शैक्षिक तरीकों का उपयोग करना चाहिए। द्विभाषीवाद को बढ़ावा॰ हिंदी और अंग्रेजी दोनों के महत्व को समझते हुए, विज्ञान के शिक्षण में द्विभाषी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। लोकप्रिय माध्यमों का उपयोग॰ विज्ञान को लोकप्रिय संस्कृति और मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत करना चाहिए। गलत धारणाएं दूर करना॰ विज्ञान केवल तेज बच्चों के लिए है जैसी गलत धारणाओं को दूर करना चाहिए और यह समझाना चाहिए कि विज्ञान से तार्किक क्षमताएं बढ़ती हैं। हिंदी विज्ञान साहित्य ने अपने स्थापना 1968 से 2025 तक हिंदी विज्ञानं के क्षेत्र में विज्ञानं लोकप्रियकरण में देश के विकास में एक मिल का पत्थर साबित हुई है शब्दावली हिंदी विज्ञानं साहित्य परिषद की मुख्य पत्रिका का 57 वा अंक का ऑनलाइन प्रकाशित हो गई वैज्ञानिक पत्रिका के जुलाई दिसंबर 25 अंक का सफल प्रकाशन व विमोचन 17 अक्टूबर 25 को किया गया जो विज्ञान संचार के लिए दृढ़ संकल्पीत है और वैज्ञानिक ज्ञान से परिपूर्ण है वैज्ञानिक पत्रिका के मुख्य संपादक श्री ब्रजेश कुमार सिन्हा ने कार्यवाहक मुख्य संपादक के रूप में नियुक्त हुए जो पटना के रहने वाले एक वरिष्ठ इंजीनियर है जो एन आर बी, परमाणु ऊर्जा विभाग मुंबई में कार्यरत हैं उन्होंने भागलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई की है और मुंबई के अखिल भारतीय हिंदी विज्ञान संस्थान में उपाध्यक्ष के पद का भी कार्यभार ग्रहण किया हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद, मुंबई की राष्ट्रीय स्तर की पत्रिका वैज्ञानिक वैज्ञानिक के मुख्य संपादक के रूप में अतिरिक्त भार ग्रहण करते हुए वैज्ञानिक के 2 अंक, जुलाई सितम्बर व अक्टूबर - दिसंबर 25 का सफलतापूर्ण संपादन किया इसके साथ ही मुंबई के श्री राज कुमार डाबरा, प्रसार व्यवस्थापक के रूप में पदभार ग्रहण किया जो परिषद के कोषाध्यक्ष भी है चूंकि नियम के अनुसार व्यवस्थापक मंडल में 4 ही सदस्य रह सकते हैं अतः सर्वसम्मति से एक अतरिक्त पद का सृजन किया गया जो परिषद के नियम के अनुसार है वैज्ञानिक का जुलाई दिसंबर -25 का अंक दो अंक को मिलाया गया है जो नियम के अनुसार किया गया है जैसे की किसी भी मासिक पत्रिका साल में एक बार दो अंक एक साथ निकाल सकती है वैसे ही दो साल में कोई भी तिमाही पत्रिका दो साल में एक बार सयुक्त अंक निकाल सकती है वैज्ञानिक का जुलाई दिसंबर 25 का सयुंक्त अंक देश के भारतीय वायुसेना के शौर्य व पराक्रम के ऊपर केंद्रित है और लेख में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस को भी शामिल किया गया है देश की वायुसेना का स्थान आज पूरे विश्व में तीसरे स्थान पर है यह अंक वायु योद्धाओं के साहस और समर्पण का सम्मान करता है, और वायु सेना की क्षमताओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाला अंक है वैज्ञानिक के इस अंक का सफल प्रकाशन 17 अक्टूबर 25 को किया गया इसके अलावा इस अंक में अन्य वैज्ञानिक विषयो पर भी लेख है जिसमें पर्यावरण, कृषि वैज्ञानिकों के जीवन पर, डॉ कलाम साहब व विज्ञान प्रश्न मंच को भी छात्रों के लिए नियमित रूप से स्थान दिया गया है जिसमें लेखकीय अवदान मुख्य रूप से डॉ सरोज शुक्ला, दीपांशी मिश्रा एवं मनहर कृष्णा ओझा, डॉ दीपक कोहली व डॉ विजय लक्ष्मी गिरि के विज्ञान लेख हैं इस अंक को कई वैज्ञानिक, पूर्व आईपीएस अधिकारी पत्रिका के संपादक व अन्य पाठकों ने विज्ञान के लोकप्रियता हेतु एक सराहनीय कदम बताया है जिसमें पर्यावरण ऊर्जा टाइम के संपादक ने बधाई व शुभकामनायें प्रेषित की है।

> वैसे तो प्रतिवर्ष ही भारत में धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर भारतीय नागरिकों द्वारा विभिन्न उत्पादों विशेष रूप से स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों की खरीद को शुभ माना जाता है। अतः इस त्यौहारी मौसम में विभिन्न उत्पादों की भारत में बिक्री बहुत बढ़ जाती है। परंतु, इस वर्ष तो केंद्र सरकार द्वारा लिए गए कुछ निर्णयों के चलते भारतीय बाजार में सोने एवं चांदी सहित विभिन्न उत्पादों की बिक्री में बेतहाशा वृद्धि दर्ज हुई है।

# दीपावली के त्यौहारी मौसम में भारतीय अर्थव्यवस्था को लगे पंख

**प्रहलाद सबनानी**



केंद्र सरकार द्वारा आयकर योग्य राशि की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया है। यदि आज किसी नागरिक की आय 12 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष है तो उसकी आय पर आयकर नहीं लगने वाला है। साथ ही, वस्तु एवं सेवा कर की दरों को भी तर्कसंगत बनाया गया है जिसे जीएसटी2.0 का नाम दिया जा रहा है। अब 95 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर से ही वस्तु एवं सेवा कर लागू होगा। पूर्व में, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत की दरें लागू होती थी। अब 12 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत की दरों को समाप्त कर दिया गया है। इससे उपभोक्ताओं को वस्तु एवं सेवा कर की दरों में लगभग 10 प्रतिशत तक का लाभ मिला है। चार पहिया वाहनों पर तो लगभग 60-70,000 रुपए प्रति वाहन तक की बचत हुई है। इस तरह, इस वर्ष दीपावली के त्यौहारी मौसम में भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़े हुए उपभोग का सहारा मिला है।

भारतीय इतिहास में, दीपावली के त्यौहारी मौसम में, इस वर्ष सबसे अधिक रिकार्ड कारोबार सम्पन्न हुआ है। भारत में नागरिक अब बाजार में दुकानों पर आकर उत्पादों की पूछ परख कर ही उत्पादों की खरीद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी कारण से इस वर्ष के दीपावली त्यौहारी मौसम में भारतीय बाजारों में दुकानों पर बहुत अधिक भीड़ दिखाई दी है। कनफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) द्वारा सम्पन्न किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत के 35 नगरों के वितरण केंद्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस वर्ष लगभग 5.4 लाख करोड़ रुपए का व्यापार दीपावली के त्यौहारी मौसम में सम्पन्न हुआ है। वर्ष 2021 में इसी त्यौहारी मौसम में 1.25 लाख करोड़ रुपए, वर्ष 2022 में 2.50 लाख करोड़ रुपए, वर्ष 2023 में 3.75 लाख करोड़ रुपए एवं वर्ष 2024 में 4.25 लाख करोड़ रुपए का व्यापार सम्पन्न हुआ था। इस वर्ष अभी आगे आने वाले समय में गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ एवं तुलसी विवाह आदि त्यौहार भी उत्साह पूर्वक मनाए जाने हैं। ऐसा अनुमान किया जा रहा है कि इस वर्ष इस दौरान भी लगभग 80,000 करोड़ रुपए का व्यापार सम्पन्न होने की प्रबल सम्भावना है। इस प्रकार इस वर्ष भारत में त्यौहारी मौसम में कुल व्यापार का आंकड़ा 6 लाख करोड़ रुपए से अधिक होने की प्रबल सम्भावना है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में सम्पन्न हुए व्यापार के आंकडें की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है।

इस वर्ष भारत के नागरिकों में स्वदेशी उत्पाद खरीदने की होड़ सी रही हैं। इसी प्रकार, एक अनुमान के अनुसार, इस वर्ष धनतेरस त्यौहार के दौरान सोने चांदी के गहनों, सिक्कों एवं अन्य वस्तुओं के कारोबार का स्तर भी 60,000 करोड़ रुपए के आसपास रहा है। बाजार में हालांकि इस वर्ष सोने एवं चांदी के भाव आसमान छू रहे हैं। वर्ष 2024 की दीपावली पर सोने का भाव लगभग 80,000 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो इस वर्ष बढ़कर 130,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है, अर्थात लगभग 62 प्रतिशत अधिक। चांदी का भाव भी वर्ष 2024 में 98,000 रुपए प्रति किलोग्राम था जो इस वर्ष बढ़कर 180,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है, अर्थात लगभग 83 प्रतिशत अधिक। एक अन्य अनुमान के अनुसार, दीपावली के इस त्यौहारी मौसम में भारत में स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों की कुल मिलाकर 1.35 लाख करोड़ रुपए की बिक्री हुई है। भारतीय बाजारों में लगभग 46 टन सोने की बिक्री हुई है। दीपावली के पावन पर्व पर इस वर्ष 600,000 वाहन एक दिन में बिके हैं। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। इससे यह भी सिद्ध हो रहा है कि है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत ही तेज गति से आगे बढ़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति श्री डॉनल्ड ट्रम्प कह रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था डेड है, भारतीय अर्थव्यवस्था में लगातार तेज हो रही विकास दर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को झुठला रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही, अप्रेल-जून 2025, में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 7.3 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की है। जबकि, द्वितीय तिमाही जुलाई-सितम्बर 2025 में एवं तृतीय तिमाही अक्टोबर-दिसम्बर 2025 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था के रिकार्ड स्तर पर आर्थिक विकास दर हासिल करने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। भारत में द्वितीय तिमाही में प्रारम्भ हुए त्यौहारी मौसम (दुर्गा उत्सव, दशहरा, धनतेरस एवं दीपावली, आदि) में विभिन्न उत्पादों की रिकार्ड वृद्धि दर्ज होती हुई दिखाई दी है। यह प्रवाह तीसरी तिमाही में भी जारी रहने की प्रबल सम्भावना दिखाई दे रही है क्योंकि त्यौहारी मौसम अभी इस अवधि में भी जारी रहेगा जो 25 दिसम्बर (क्रिसमस) एवं 31 दिसम्बर (नव वर्ष) तक जारी रहेगा। साथ ही, शादियों का मौसम भी आने वाला है, इस मौसम में भारत में लाखों की संख्या में शादियां सम्पन्न होती हैं, और शादियों के इस मौसम में विभिन्न उत्पादों (स्वर्ण, चांदी, कार, टीवी, रेफ्रीजरेटर, एसी, आदि) की मांग में बेतहाशा वृद्धि दर्ज होती है। इस बीच भारत में धार्मिक पर्यटन भी अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गया है। अयोध्या, वाराणसी, चार धाम, वैष्णो देवी, महाकाल मंदिर, तिरुपति बालाजी, मीनाक्षी मंदिर आदि में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भारत में लगातार बढ़ रहे धार्मिक पर्यटन से भी उत्पादों का उपभोग बढ़ रहा है, जो अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक हो रहा है एवं रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित कर रहा है।

भारत में अब देश में ही निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, इस कार्य में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी अपनाने की अपील पर भारतीय नागरिक अपना भरपूर सहयोग कर रहे हैं। भारत में ही निर्मित उत्पादों के उपभोग का स्तर सकल घरेलू उत्पाद के 60-70 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसी कारण से भारत को देशीय उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था कहा जा रहा है। भारत में आंतरिक उपभोग के लगातार मजबूत होने के चलते भारत अब दुनिया के कई देशों के निवेशकों के लिए निवेश के केंद्र के रूप में उभर रहा है, क्योंकि भारत की 140 करोड़ आबादी इन निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। भारत में ही निर्मित किए जाने वाले उत्पादों के लिए भारत में ही बहुत बड़ा बाजार उन्हें उपलब्ध है। आगे आने वाले समय में भारत के वित्तीय एवं बैंकिंग क्षेत्र में 50,000 करोड़ रुपए से अधिक का विदेशी निवेश भारत में आने जा रहा है। अमेरिकी कम्पनी ऐपल अपना पूरा उत्पादन सिस्टम भारत में ला रहा है एवं स्मार्ट मोबाइल फोन का भारत में उत्पादन कर उसे विश्व के अन्य देशों को भारत से निर्यात किया जाएगा।


भारत के विशाल बाजार को देखते हुए आज विश्व के कई देश भारत के साथ द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न करने के लिए लालायित दिखाई दे रहे हैं। भारत का अभी हाल ही में ओमान, कतर, यूनाइटेड किंगडम और यूरोप के चार देशों के साथ द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न हुआ है। यूरोपीयन यूनियन के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौता के सम्बंध में वार्ताएं सफलता पूर्वक आगे बढ़ रही हैं एवं इसके शीघ्र ही सम्पन्न होने की सम्भावना है। साथ ही, भारत और अमेरिका के बीच भी द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता नवम्बर 2025 तक सम्पन्न होने की सम्भावनाएं अब दिखाई देने लगी है। सम्भव है कि नवम्बर 2025 माह में अमेरिका के राष्ट्रपति डानल्ड ट्रम्प भारत आकार इस समझौते की घोषणा करें। रूस के राष्ट्रपति श्री बलादिमिर पुतिन भी शीघ्र भारत आ रहे हैं और रूस के भारत के साथ व्यापार बढ़ाने पर जोर दिए जाने की प्रबल सम्भावना है। भारत अभी रूस से भारी मात्रा में कच्चे तेल का आयात कर रहा है एवं रूस को भारत से निर्यात होने वाले उत्पादों की मात्रा अभी बहुत कम है। इस तरह भारत का रूस के साथ व्यापार घाटा बहुत अधिक हो गया है। चीन के साथ भी भारत का व्यापार घाटा बहुत अधिक मात्रा में है, जिसे कम करने के लिए चीन के साथ भी भारत की बातचीत चल रही है।

कुल मिलाकर आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक विकास दर के तेज होने की प्रबल सम्भावना है, जो 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक के आंकडें को भी छू सकती है।

# मिलावटखोरों पर सर्जिकल स्ट्राइक से रुकेगी मिलावटखोरी ?

**कश्मीर सें कन्याकुमारी तक आजकल त्योहारों का सीजन जोरों पर है ।देश में नकली व मिलावटी मिठाईया बिक रही हैं और लाखों क्विंटल मिठाईयां बन रही है और बाजारों में पहुंच रही हैं। मिठाईयों की गुणवत्ता परखी जा रही है और बड़े पैमाने पर मिलावट भरी मिठाईयां जब्त की जा रही हैं ।देश के हर राज्य में प्रतिदिन छापेमारी हो रही है समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के मुताबिक सहारनपुर दिल्ली हाईवे पर टीम ने 1100 किलों नकली पनीर पकड़ा गया जबकि मेरठ में 2500 किलों मिलावटी मावा जब्त किया गया ।लखनउ में खाद्ध सुरक्षा एंव औषधी प्रशासन ने 5000 किलों नकली मिठाई जब्त की है।**

**नरेंद्र भारती**



मिलावटखोरो कुछ तो रहम कीजिये मानव के स्वास्थय से खिलवाड़ मत कीजिये त्यौहारी सीजन दिवाली, भैया दूज, धनतेरस में मिलावटखोर मुनाफा कमाने के चक्कर में घटिया किस्म की मिठाईयां बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। उतर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब , दिल्ली , हिमाचल , में नकली मिठाई पकड़ी जा रही है प्रतिदिन प्रशासन छापेमारी कर रहा है और मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसा रहा है लेकिन यह मिलावट करने वाले सुधर नहीं रहे हैं । प्रतिदिन लोग पकड़े जा रहे हैं और नकली उत्पादों सें बनी नकली मिठाई नष्ट की जा रही है । मिठाईयों में रंग मिलाया जा रहा है । ऐसी जहर बनाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई करनी चाहिए इनके लाइसेंस रद्द करने चाहिए । देश में जहरयुक्त मिठाई बेचीं जा रही है कैसी विडंबना है की मिलावट करने वाले किसी की जान लेने से भी नहीं डरते हैं और खुलेआम उल्लंघ्न कर रहे हैं । तैयोहारी सीजन में नकली दूध, पनीर , मावा से मिठाईयां बनाई जा रही हैं । मिलावट का यह धंधा खूब फ्लफुल रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 में सजा व जुर्माना दोनों का प्रावधान है । वही आई पी सी की धारा 272 एवं 273 के अंतर्गत पुलिस प्रशासन को सीधे कार्रवाई की छूट है । नकली दूध बेचा जा रहा है जिससे लाईलाज बीमारिया हो रही हैं लोग कैंसर से ग्रस्त हो रहे हैं । मिलावट करने वाले चंद चांदी के सिक्कों के लिए यमराज बन गए हैं स प्रतिवर्ष पता नहीं कितने लोग इन मिलावटखोरों की वजह से मारे जा रहे हैं ऐसे लोगों को सजा ए मौत देनी चाहिए जो लालच में मौत बाँट रहे हैं नकली दूध से नवजात बच्चे मारे जा रहे हैं । आखिर इंसान किस ओर जा रहा है जो इंसानों की जान ले रहा है ऐसे लोगों को फांसी की सजा देनी चाहिए ताकि फिर कोई ऐसा जुर्म न कर सके प्रशासन अगर सक्रिय रहे तो लोगो की जान बच सके यह बहुत ही घिनौना जुर्म है ऐसे लोगों को हवालातों में डाला जाये और उम्रकेद की सजा दी जाये काल कोठरी में डाला जाये ताकि तिल तिल मर सके और मौत की भीख मांगे और ताउम्र अपने कर्मो को भुगत सके खाद्य विभाग को जागरूकता शिविर लगाने चाहिए तथा समाज के लोगों को इन मिलावट करने वालों की मिठाई का बहिस्कार करना चाहिए सयह देश हित में है देश में हर वर्ष लाखों क्विटंल मिलावटी मिठाई पकड़ी जाती है जिसे खाद्य विभाग के अधिकारी नस्ट कर देते हैं। मिलावट के मुख्य सरगनाओं को सार्वजनिक स्थानो पर सजा देनी चाहिए खाद्य मंत्रालय को अपना अभियान पूरा वर्ष जारी रखना चाहिए ताकि इन पर शिकंजा कसा रहे और मिलावट का यह काला धंधा पूरी तरह खत्म हो सके। ताकि गैर कानूनी कारोबार करने वाले लोग बेनकाब हो सकें।खाद्य विभाग की सक्रियता से इन मिलावटखोर माफिया के लोगों को पकडना होगा तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती हैं। समाज के लोगों को भी इस अभियान में सहयोग करना होगा ताकि इन मिलावट के माफियों का साम्राज्य खत्म किया जा सके ।अभी समय है फिर पछतानें कि सिवाय कुछ नहीं होगा।मिलावट माफिया का सफाया करना होगा ताकि विश्व गुरु की साख पर दाग न लग सके।देश में फैलते मिलावट माफिया के लोगों के इस जाल को काटना समय की पुकार है यदि लोगों ने कोई कदम न उठाए तो भारत में मिलावटखोर माफियाओं की जडें इतनी फैल जाएगी कि इन्हे काटना बेहद मुशिकल हो जाएगा। अगर अब भी लापरवाही बरती तो यह कारोबार निर्बाध चलता रहेगा ।मिलावट करने वालों नागों का फन कुचलना होगा। ऐसे आपरेशन होते रहने चाहिए मिलावखोरों पर सर्जिकल स्ट्राइक की जानी चाहिए तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती है ।

# गौरा-गौरी उत्सव में हुआ शिव-पार्वती विवाह, धूम धाम से निकली बारात

## दीपावली के दूसरे दिन उत्साह से मनाया जाता है गोवर्धन का पर्व





**धमतरी, एजेंसी।** दीपावली के दूसरे दिन बुधवार 22 अक्टूबर को शहर सहित ग्रामीण अंचल में गौरा-गौरी का त्योहार उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस त्योहार में परंपरानुसार भगवान शिव-पार्वती के विवाह की रस्में निभाई गई। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुन के बीच पर्व की खुशियां दोगुनी हो गई। लोगों ने ईश्वर की आराधना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

धमतरी शहर के सोरिद वार्ड जालमपुर वार्ड, कोष्टापारा वार्ड, जोधापुर वार्ड सहित विभिन्न वार्डो में गौरा गौरी पर्व की धूम रही। तीन दिनों तक चलने वाले इस त्योहार की शुरुआत नरक चौदस की रात में फूल कुचरने से हुई। इसके बाद कार्तिक अमावस्या की सुबह मोहल्लेवासी बाजे गाजे के साथ समूह में खेत या पवित्र स्थान से मिट्?टी लेने गए। मिट्?टी लाने के बाद बाद पूजा स्थल में (गौरा) भगवान शंकर व पार्वती (गौरी) के साथ नंदी, भीमसेन आदि की आकर्षक प्रतिमाएं बनाई गई। रात में दोनों प्रतिमाओं के साथ भगवान शंकर व पार्वती के विवाह की रस्में निभाई गई। इस दौरान शिव जी की बारात भी निकाली गई। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुन में लोग खूब थिरके।

गोकुलपुर वार्ड गौरा उत्सव समिति के अध्यक्ष गोकुल यादव ने बताया कि, उत्सव की शुरुआत नरक चौदस हो गई। पूजा स्थल को गौरा चौरा कहा जाता है। इसी पूजा स्थल पर रात में फूल कूचरने की परंपरा हुई। दूसरे दिन सोमवार को बाजे गाजे के साथ जाकर खेत से मिट्?टी लाई गई। विवाह की रस्में निभाई गई। सोमवार को गौरा गौरी की शोभायात्रा निकली। नाचते-गाते सभी तालाब पहुंचे, फिर पूजा-अर्चना की गई। पश्चात तालाब में गौरा-गौरी की मूर्ति का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर गोकुलपुर वार्ड के पूर्व पार्षद महेश साहू, शारदा साहू, जीवन साहू, कृतिका यदु, पर्वतीबाई, भुवनलाल सिन्हा, सुषमा सिन्हा, रोशन सिन्हा, रानू सिन्हा, सुभाष सिन्हा,ममता सिन्हा, आस्था आयुषी, टिकेंद्र साहू सहित काफी संख्या में वार्ड के लोग उपस्थित थे।

## रायगढ़ में दो सड़क हादसों में 2 की मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। एक मामले में अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई, जबकि दूसरे हादसे में डंपर ड्राइवर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहला हादसा तमनार थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार धौराभांठा निवासी राजकुमार यादव (32) सोमवार शाम अपनी बाइक से खुरूशलेंगा की ओर जा रहा था। रास्ते में पटेल फेब्रिकेशन के पास एक वाहन को साइड देने के दौरान उसने बाइक पर नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार में सड़क किनारे लगे बिजली पोल से जा टकराया।

**सिर-जबड़े और हाथ-पैरों में आई चोटें:**टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि, बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और राजकुमार के सिर, जबड़े और हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर तमनार पुलिस मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया और मामले में जांच शुरू की गई है।

## दुर्ग में दिवाली पर पिछले-5 सालों में 7 हत्या

**दुर्ग-भिलाई, एजेंसी।** दुर्ग-भिलाई में दिवाली जैसे खुशियों के त्योहार पर एक बार फिर खून बहा। पिछले पांच सालों से जिले में दिवाली के मौके पर आपसी रंजिश, छोटे-छोटे विवाद और झगड़े हत्या का कारण बनते रहे हैं। इस बार भी पटाखा फोड़ने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और एक व्यक्ति की हत्या हो गई। इस साल शहर के छावनी थाना क्षेत्र में दिवाली की रात पटाखा फोड़ने को लेकर हुए विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। गणेश बैरागी अपने परिवार के साथ घर पर खाना खा रहा था, तभी पड़ोस में रहने वाले भतीजे से विवाद हो गया। बात बढ़ी और भतीजे ने अपने ही चाचा गणेश पर हमला कर उनकी जान ले ली। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी सुखनंदन राठौर का था कि दो लोग आपस में लड़ गए थे। एक और आदमी आया। इस दौरान बुजुर्ग पर हमला कर दिया। 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

**दुर्ग रेलवे स्टेशन पर मिला शव, हत्या की आशंका:**दुर्ग रेलवे स्टेशन पर दिवाली के दिन एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। घटनास्थल पर खून के धब्बे मिलने के कारण पुलिस को हत्या की आशंका है। फिलहाल, शव को लावारिस मानते हुए मरच्यूरी में रखा गया है।अब तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है और परिजनों का भी कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## 48 साल पुराने जर्जर-भवन में संचालित हो रहा दुर्ग विश्वविद्यालय

**दुर्ग-भिलाई, एजेंसी।** दुर्ग जिले के भिलाई में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के भवन निर्माण का काम पूरा होने के बाद भी आज तक हैंडओवर नहीं हो सका है। विश्वविद्यालय का पूरा काम आज भी 48 साल पुराने भवन में हो रहा है। नई बिल्डिंग हैंडओवर न होने की वजह निर्माण में बरती गई लापरवाही सामने आ रही है। नई बिल्डिंग को बने 1 साल ही हुए है जिसमें दीवारों में जगह-जगह दरार और सीलन पड़ गई है। लिफ्ट बंद पड़ी है। निर्माण के दौरान कार्यों की गुणवत्ता को सुधारने और मेंटेनेंस के लिए नए कुलपति ने पीडबल्यूडी को पत्र लिखा है। बताया जा रहा है कि सुधार कार्य के बाद ही इसे हैंडओवर लेने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

**प्रशासनिक भवन की खामियों को सुधारने लिखा पत्र:**दुर्ग विश्वविद्यालय के नए कुलपति प्रो. संजय तिवारी विवि की नई बिल्डिंग में किए गए कार्यों से खुश नहीं है। उन्होंने इसमें सुधार कार्य के लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा है। हालांकि पीडब्ल्यूडी की ओर से अब महीनों बीतने के बाद भी पत्र का कोई जवाब नहीं दिया गया है। इस संबंध में कुलपति प्रो. तिवारी ने कहा कि कुछ खामियां थी, उन्हें सुधारने पत्र लिखा है। जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और हैंडओवर की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

**इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 5 करोड़, लेकिन हैंडओवर से पहले कई खामियां:**बताया जा रहा है कि दुर्ग विवि की नई बिल्डिंग में लिफ्ट, रोड, ड्रेनेज, लैंड स्कैप व अन्य सौंदर्यीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए दिए गए थे। लेकिन आज की स्थिति में दुर्ग विवि की नई बिल्डिंग में दो लिफ्ट बंद पड़े हैं। लिफ्ट के नीचे पानी भरा है जिसे अब तक नहीं निकाला जा सका है। मेन गेट की सीढ़ी टूट रहे हैं। दीवारों पर सीपेज देखे जा रहे हैं। पार्किंग के शटर टूट रहे हैं। तीन में से दो बोर खराब हो चुके हैं, इसकी वजह से यहां पर पानी की समस्या है। ड्रेनेज सिस्टम भी फेल होने की वजह से मैदान में पूरा पानी जमा हो चुका है।

**दिव्यांगों के लिए रैंप तक नहीं बनवाए:**दुर्ग विश्वविद्यालय की प्रशासनिक बिल्डिंग में दिव्यांगों के लिए रैंप तक नहीं बनाए गए हैं। न तो इंजीनियर ने इसका ख्याल रखा और न ही विश्वविद्यालय प्रबंधन ने। दुर्ग विश्वविद्यालय में संभाग के लाखों विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसमें दिव्यांग विद्यार्थी भी शामिल हैं, जो कई कार्यों के लिए विवि आते हैं। नए भवन में सीढ़ी इतनी ऊंची है कि दिव्यांगों को ऊपर जाने में काफी मुश्किल होगी। इस विषय में कुलपति प्रो. संजय तिवारी का कहना है कि इसे चेक करवाया जाएगा, ऐसा क्यों हुआ। प्रशासनिक भवन में पार्किंग की ओर से लिफ्ट की व्यवस्था है, जहां से दिव्यांग विद्यार्थी आसानी से फर्स्ट फ्लोर आ सकते हैं।

**48 साल पुराने भवन में चल रहा प्रशासनिक काम:**दुर्ग विश्वविद्यालय का संचालन पुराने महिला कॉलेज के भवन से हो रहा है। यह भवन 48 साल से भी ज्यादा है।

### छोटे के ज्वेलरी-शॉप से बड़े भाई ने चुराए मंगलसूत्र

## 9 महीने से सेल्समैन बनकर करता रहा काम,35 लाख का जेवर चुराया;फूफेरा भाई भी आरोपी

**दुर्ग-भिलाई, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में छोटे भाई ने अपने फूफेरा भाई के साथ मिलकर अपने बड़े भाई के ज्वेलरी शॉप चोरी की। दोनों ने मंगलसूत्र पर हाथ साफ किए, जिसकी कीमत करीब 35 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला स्मृतिनगर पुलिस चौकी क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, शिकायककर्ता का नाम रवि सोनी (50) है। जो कि कोहका में रहता है और उसका ज्वेलरी शॉप है। उसने 14 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि भाई राजकुमार सोनी (50) करीब 9 महीने से शॉप में सेल्समैन का काम कर रहा था। 13 अक्टूबर की शाम भीड़भाड़ के दौरान राजकुमार ने लाकर से 40 नग सोने के मंगलसूत्र चुरा लिए।

**अलग-अलग जगहों के खंगाले गए CCTV:**रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने त्रिनयन ऐप की मदद से आरोपी की लोकेशन और अलग-अलग जगहों के सीसीटीवी फुटेज जुटाए। फुटेज में राजकुमार को रायपुर की ओर जाते हुए दिखा।पुलिस को यह भी सूचना मिली कि उसका फुफेरा भाई सुरेंद्र सोनी रायपुर में ज्वेलरी गलाने का काम करता है।

**आरोपी के लोकेशन के आधार पर गिरफ्तारी**:इस आधार पर दोनों की लोकेशन ट्रेस की गई और दुर्ग ब्राह्मणपारा स्थित राजकुमार के किराए के मकान में दबिश दी गई। जहां से दोनों को गिरफ्तार चोरी के 29 मंगलसूत्र, 11 मंगलसूत्र को गलाकर बनाए गए दो सोने के बिस्किट और 2 लाख रुपए कैश बरामद किए। आरोपी चोरी के सोने को गलाने के फिराक में थे।

**बिस्किट बनाकर बेचने के फिराक में थे आरोपी:**पूछताछ में सामने आया कि चोरी के जेवर को गलाकर सोने के बिस्किट के रूप में बेचने की प्लानिंग थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 316(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## रायगढ़ में शराब नहीं पिलाने पर चाकू से हमला

### दिवाली की शाम युवक की छाती और कान पर किया वार, थाना में FIR दर्ज

**रायगढ।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में दिवाली की शाम शराब नहीं पिलाने को लेकर दो युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट की फिर चाकू से उसकी छाती और कान के पास हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। यह मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, दिवाली की रात आईटीआई कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय रवि पटनायक अपने दोस्त पठान (निवासी ओम विहार) के साथ मोहल्ले में खड़ा था। इसी दौरान सिंधी कॉलोनी के करनदास महंत और मनीष दास महंत वहां पहुंचे और पठान से शराब पिलाने की मांग करने लगे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर करनदास महंत और मनीष दास ने चाकू निकालकर पठान पर हमला करने की कोशिश की। हालात को बिगड़ता देख रवि पटनायक ने बीच में दखल दिया, करन को धक्का देकर गिराया और अपने दोस्त पठान को वहां से भगा दिया।

## 24 को नक्सलियों का देशव्यापी बंद का ऐलान, लीडर बोले- नारायणपुर-बीजापुर करेंगुट्टा और झारखंड में रोके ऑपरेशन; 700 साथी-जनता की हत्या का आरोप



**जगदलपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ समेत देश के माओवाद प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई चल रही है। बस्तर में लगातार हो रहे एनकाउंटर, सरेंडर और गिरफ्तारी से नक्सल संगठन बौखलाया हुआ है। अब नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने एक पत्र जारी कर 24 अक्टूबर को देश व्यापी बंद का ऐलान किया है। दरअसल, नक्सल संगठन के लीडर्स ने नक्सली अभय के नाम से पर्चा जारी किया है। करीब 2 पेज के पर्चे में लिखा हुआ है कि साल 2022 से अब तक अलग-अलग जगह चलाए गए नक्सल ऑपरेशन में फोर्स ने 700 नक्सल साथी और आम नागरिकों की हत्या की है। प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री कह रहे हैं कि 31 मार्च 2026 तक देशभर से नक्सलवाद खत्म कर दिया जाएगा।

**इन जगहों पर बढ़ी पुलिस की पैठ:** करेंगुट्टा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन चल रहे हैं। वहीं माओवाद संगठन इन ऑपरेशंस के खिलाफ 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक विरोध सप्ताह मना रहा है। इसी के साथ ही 24 अक्टूबर को देश भर में बंद का ऐलान किया गया है। नक्सली अभय के पर्चे में लिखा है कि पिछले साढ़े 5 महीने में नक्सल संगठन को बड़ा नुकसान हुआ है। सेंट्रल कमेटी के नक्सली बालकृष्णा, चंद्रहासा, लोकेश, कट्टारामचंद्र रेड्डी, कडारी सत्यनारायण रेड्डी समेत अन्य सेंट्रल कमेटी, SZC, DKSZCM, DVCM, ACM जैसे कैडर के नक्सलियों को मारा गया है। इसलिए अब ऑपरेशन रोकने की बात कही गई है।

बता दें कि, फोर्स के बढ़ते दबाव के चलते पिछले 15 दिनों के अंदर ही महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में 271 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। महाराष्ट्र में नक्सली प्रवक्ता भूपति ने अपने 60 साथियों के साथ हथियार डाला। इधर, छत्तीसगढ़ में नक्सली लीडर रूपेश समेत अपने 210 नक्सलियों ने भी हिंसा का रास्ता छोड़ दिया। ये सभी नक्सली अपने साथ हथियार लेकर आए थे। जिसे पुलिस को सौंप दिया गया।

## रायगढ़ में दिवाली की रात से मां-काली की पूजा शुरू: रात भर श्रद्धालुओं ने किया जागरण, 5 दिनों तक होगा धार्मिक आयोजन



**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में दीपावली की रात से मां काली की पूजा अर्चना शुरू हो जाती है। 5 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में मां की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालु जागरण करते हैं और आराधना करते है। हर साल यह धार्मिक आयोजन बंगाली समाज कराता है। सोमवार (20 अक्टूबर) की रात 12 बजे सुभाष नगर बंगाली पारा स्थित काली मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ मां की प्रतिमा की स्थापना की गई। जिसके बाद फूलमाला, सिंदूर, दीप से माता की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान समाज की महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा था जिसे रात में पूजा-पाठ के बाद पारण किया गया। वहीं मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक काफी संख्या में श्रद्धालु मां काली के दर्शन के लिए पहुंचते रहे।

**महीने भर पहले से की जाती है तैयारी:**काली पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष मुकेश मजुमदार ने बताया कि हर साल यहां काली पूरी आस्था और सादगी से मनाया जाता है। ऐसे में इसके लिए करीब माह भर पहले से तैयारियां की जाती है। जहां इस बार पिछले की बार की अपेक्षा अधिक सजावट की गई और कई अलग-अलग रंग बिरंगे झालरों व लाईट से पंडाल समेत आसपास के क्षेत्र को सजाया गया है।

**भंडारा और बच्चों का सांस्कृति कार्यक्रम:**मंदिर के पास हर दिन भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाता है। मंगलवार की शाम को भंडारा श्रद्धालुओं को बांटा गया। इसके अलावा बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें डांस व अन्य प्रकार की प्रतियोगिता हुई। इसमें समाज व आसपास के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# उत्साह से मना गोवर्धन पूजन का पर्व



**धमतरी, एजेंसी।** गोवर्धन पूजा का पर्व शहर-अंचल में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों में गोवंश को खिचड़ी का भोग लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई। दीप पर्व की दूसरे दिन गांव में गोवर्धन पूजन का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। हर साल की तरह इस साल भी धमतरी शहर के विभिन्न वार्डो सहित सभी गांव में गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। घर के सदस्यों ने गोवंश की पूजा कर बुजुर्गो से आशीर्वाद प्राप्त किया।गोवंश की पूरे विधि विधान से पूजा की जाती है। घर के कोठा के दरवाजे के सामने प्रतीकात्मक रूप से गोबर से गोवर्धन पर्वत का निर्माण कर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। सेमरी, दूब, फूल को सजा कर गोवर्धन पर्वत का रूप दिया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रीफल का प्रसाद बांटा गया। इसके बाद बच्चों ने आतिशबाजी भी की। इस खास दिन घर के गोवंश को चावल, दाल, खीर, पूरी, चीला, रोटी, बड़ा मिठाई सहित अन्य खाद्य सामग्रियों को तैयार कर गोवंश को खिलाया जाता है। खाट के ऊपर नया वस्त्र बिछाकर उस पर चावल, दाल, खीर, पूरी, चीला, रोटी, बड़ा मिठाई को रखकर गोवंश को भोग लगाया जाता है। इसके बाद घर के सभी सदस्य गोवंश की पूजा करते हैं।

**गोवंश के प्रति समर्पण का पर्व है गोवर्धन पूजा:**किसान प्रभुराम साहू ने बताया कि गांव में गोवर्धन पूजन का पर्व पीढ़ी दर पीढ़ी मनाते आ रहे हैं। वास्तव में यह पर्व गोवंश के प्रति हमारी निष्ठा समर्पण और लगाव का प्रतीक है। कृषि आधारित ग्रामीण जीवन में गोवंश का अहम स्थान है। यह पर्व उनके योगदान के लिए ही समर्पित है।

**क्यों मनाते हैं गोवर्धन पूजा:**गोवर्धन पूजा से संबंधित एक प्राचीन कथा प्रचलित है। एक बार भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों से इंद्रदेव की पूजा करने के बजाय गोवर्धन की पूजा करने को कहा। इससे पहले गोकुल के लोग इंद्रदेव को अपना इष्ट मानकर उनकी पूजा करते थे। भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों से कहा कि गोवर्धन पर्वत के कारण ही उनके जानवरों को खाने के लिए चारा मिलता है। गोर्वधन पर्वत के कारण ही गोकुल में बारिश होती है। इसलिए इंद्रदेव की जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना की जानी चाहिए। जब इंद्रदेव को श्रीकृष्ण की इस बात के बारे में पता चला तो उन्हें बहुत क्रोध आया और बृज में तेज मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। तब श्रीकृष्ण भगवान ने बृज के लोगों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाकर बृजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचा लिया, तब बृज के लोगों ने श्रीकृष्ण को 56 भोग लगाया था। इससे खुश होकर श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों की हमेशा रक्षा करने का वचन दिया था।

## रायपुर पुलिस पर 2 लाख रुपए चुराने का आरोप, दुर्ग के कारोबारी ने एसएसपी से की लिखित शिकायत; चेकिंग के लिए रोकी थी कार



**दुर्ग-भिलाई, एजेंसी।** रायपुर क्राइम ब्रांच के पांच पुलिसकर्मियों पर चोरी का आरोप लगा है। दुर्ग के एक कारोबारी ने धनतेरस के दिन पुलिसकर्मियों पर 2 लाख रुपए चुराने का आरोप लगाया है। उसने मामले की लिखित शिकायत दुर्ग स्स्क्र विजय अग्रवाल से की है। जानकारी के मुताबिक, मयंक गोस्वामी का धमतरी में बाइक शो-रूम है। कारोबारी की मानें तो वह धनतेरस के दिन धमतरी से अपने घर दुर्ग लौट रहा था। रास्ते में रायपुर क्राइम ब्रांच की टीम ने चेकिंग के बहाने कार रोकी। इस दौरान कार में रखे 2 लाख रुपए गायब हो गए।

**पुलिसकर्मियों ने घर तक पीछा किया- कारोबारी:**कारोबारी का कहना है कि यह रकम पुलिसकर्मियों ने निकाली है। उसका यह भी कहना है कि पैसे निकालने के बाद पुलिसकर्मी कार का पीछा करते हुए सीधे घर तक भी पहुंचे। फिलहाल, इस पूरी घटना को गंभीरता से लेते हुए दुर्ग एसएसपी ने मामला रायपुर एसएसपी को सौंप दिया है।

**रायपुर से होगी कार्रवाई:**इस मामले में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि कारोबारी से शिकायत मिली थी। रिपोर्ट बनाकर रायपुर एसएसपी को भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई जांच के बाद रायपुर से ही की जाएगी।

## जगदलपुर में बदमाशों ने की युवक की पिटाई, किसी बात को लेकर पहले बहस हुई; फिर 4 लोगों ने मिलकर टंगिया और डंडे से खूब मारा, हुई FIR

**जगदलपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में मामूली विवाद के चलते 3-4 बदमाशों ने मिलकर 1 युवक की बेदम पिटाई कर दी है। उसे लाठी-डंडे समेत टंगिया से मारा है। महारानी अस्पताल में इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मामला जगदलपुर के महारानी वार्ड का है। यहां रहने वाला युवक अविनाश भारती रात में घर के पास ही स्थित पीपल पेड़ के पास गया हुआ था। इसी दौरान वहां पर कुछ युवक भी खड़े थे। जिनका अविनाश के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

**मोहल्ले वालों ने किया बीच बचाव:**युवकों ने अविनाश की बेदम पिटाई कर डाली। फिर मोहल्ले वालों ने झगड़ा शांत करवाया। जिसके बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। मोहल्ले के लोगों ने घायल को महारानी अस्पताल लेकर आए। जिसके बाद इसकी जानकारी युवक की मां को दी गई। युवक को सिर समेत शरीर में चोट आई है।

**पुलिस थाने में FIR दर्ज:**जिसके बाद उसे डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहीं युवक की मां ने सिटी कोतवाली में स्नढ्डक्र दर्ज करवाई। उसने पुलिस को बताया कि, मोहल्ले वालों के मुताबिक, साहिल, सुशांत ठक्कर, छोटू और कोदू नाम के लड़कों ने पिटाई की है। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

## अडानी कोल ब्लॉक के विरोध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, जनसुनवाई निरस्त कराने की मांग



**रायगढ़, एजेंसी।** अडानी समूह की प्रस्तावित पुरुंगा भूमिगत कोयला खदान परियोजना के विरोध में आज बुधवार को धरमजयगढ़ क्षेत्र के तीन ग्रामों साम्हरसिंघा, पुरुंगा और तेंदुमुड़ी के सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए 11 नवम्बर को प्रस्तावित जनसुनवाई को तत्काल निरस्त करने की मांग की और इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत साम्हरसिंघा द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है कि यह क्षेत्र पाँचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है और पेसा कानून 1996 तथा छत्तीसगढ़ पेसा अधिनियम 2022 के संरक्षण में है। इसके बावजूद मेसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड द्वारा 869.025 हेक्टेयर भूमि पर भूमिगत कोयला खदान परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई निर्धारित की गई है, जिसमें 621.331 हेक्टेयर वन भूमि, 26.898 हेक्टेयर गैर वन भूमि और 220.796 हेक्टेयर निजी भूमि सम्मिलित है।ग्राम सभा साम्हरसिंघा ने 19 अक्टूबर 2025 को आयोजित विशेष बैठक में सर्वसम्मति से इस परियोजना का विरोध करते हुए प्रस्ताव पारित किया, वहीं ग्रामीणों का कहना है कि कोकदार आरक्षित वन क्षेत्र में घना जंगल और जंगली हाथियों का स्थायी निवास है और भूमिगत खनन से जलस्तर गिरने, पर्यावरण असंतुलन तथा वन्यजीवों के जीवन पर गंभीर खतरा उत्पन्न होगा। ग्राम सभा ने अपने प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2001 से अब तक इस क्षेत्र में 167 ग्रामीणों की मृत्यु हाथियों के हमले से हुई है, जबकि 68 हाथियों की मौत दर्ज की जा चुकी है। ऐसे में किसी भी नई खनन गतिविधि से जंगल और हाथियों दोनों के अस्तित्व पर संकट गहराना तय है। वहीं ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हम जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए एकजुट हैं और संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का पालन चाहते हैं।

# दमोह-सागर मार्ग पर मालवाहक ऑटो पलटा, 12 लोग घायल



**दमोह,एजेंसी।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। दमोह मुख्यालय से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर मंगलवार देर रात दमोह-सागर मार्ग पर एक मालवाहक ऑटो के पलटने से लगभग 12 लोग घायल हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने खुद घायलों का हाल जानने के लिए तुरंत जिला चिकित्सालय का रुख किया और कुछ गंभीर रूप से घायल लोगों को अपनी गाड़ी में लेकर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही दमोह अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) आर.एल. बागरी भी मौके पर पहुंचे और जिला चिकित्सालय में घायलों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। घायलों में से लगभग 5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों में से एक को जबलपुर रिफर किया गया है, जबकि बाकी का इलाज दमोह जिला अस्पताल में जारी है। सिविल सर्जन डा. प्रहलाद पटेल और अन्य चिकित्सक घायलों की देखभाल में पूरी तरह तैनात हैं और उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना दमोह देहात थाना क्षेत्र के ग्राम कोंरासे के पास हुई। ऑटो में बैठे सभी घायल सागर जिले के निवासी हैं, जो बांदकपुर देव जागेश्वरनाथ के दर्शन के लिए आए हुए थे। दर्शन के बाद लौटते समय यह अप्रिय घटना घटी। ऑटो चालक दिनेश ने बताया कि रास्ते में किसी व्यक्ति द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। रोकने का विरोध करने पर ऑटो पर डंडे से हमला किया गया, जिससे वाहन पलट गया। हालांकि, पुलिस इसे हादसा बता रही है।

नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडे ने बताया कि देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा मामले की गहन जांच कर रही हैं। उनका कहना है कि सड़क पर घायल अवस्था में एक व्यक्ति मिला है, जिसे जबलपुर भेजा गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि वह व्यक्ति ऑटो टक्कर से घायल हुआ है या किसी अन्य कारण से। पुलिस इस पर विस्तार से जांच कर रही है। इस हादसे में घायलों की संख्या और चोटों की गंभीरता के चलते जिले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दमोह-सागर मार्ग पर रात के समय सड़क पर गाड़ियों की गति और ट्रैफिक की अनियमितता अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनती है। ऐसे में प्रशासन द्वारा रोड सेफ्टी और पैदल मार्ग की सुरक्षा को बढ़ाना आवश्यक हो गया है।

घटना के बाद दमोह जिला अस्पताल में आपातकालीन इंतजाम किए गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति के अनुसार भर्ती किया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल विशेष सुविधा वाले वार्ड में रखा गया। डॉक्टरों ने बताया कि सभी घायलों की स्थिति स्थिर है, लेकिन उनका लगातार इलाज जारी रहेगा। स्थानीय प्रशासन ने दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य को त्वरित रूप से अंजाम दिया। कलेक्टर और एसडीएम की त्वरित मौजूदगी ने घायलों और उनके परिजनों को थोड़ी राहत पहुंचाई। इसके साथ ही प्रशासन ने प्रभावित लोगों को हर संभव मदद और सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

स्थानीय लोग भी दुर्घटना के बाद अस्पताल पहुंचे और घायलों की मदद की। क्षेत्रीय निवासी इसे एक गंभीर चेतावनी मान रहे हैं कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन न करने के परिणाम कितने गंभीर हो सकते हैं।

इस मामले में पुलिस ने अभी तक किसी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं की है और जांच जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी और थाना प्रभारी लगातार घटनास्थल और अस्पताल में मौजूद हैं। उनका कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट किया जाएगा कि यह पूरी तरह सड़क दुर्घटना थी या किसी प्रकार की साजिश या झगड़े का परिणाम।

## अगले तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना



**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में बूंदाबांदी का दौर जारी है। आज बुधवार को भी कई जिलों में हल्की बारिश और गरज चमक की चेतावनी जारी की गई है। जिसमें अलीराजपुर, धार, बड़वानी, इंदौर, खरगोन, देवास, खंडवा, हरदा, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी और बालाघाट में हल्की बारिश और गरज-चमक का अलर्ट है। 23, 24 और 25 अक्टूबर को भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पूर्व अरब सागर में एक निम्न दवाब क्षेत्र एक्टिव है। यह अगले 24 घंटे के दौरान अवदाब में परिवर्तित होने लगेगा। वहीं, चक्रवात की एक्टिविटी भी की है। इनका असर प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में देखने को मिलेगा। हल्की बारिश, गरज-चमक और आंधी के बीच प्रदेश में रातें ठंडी भी हो गई है, लेकिन दिन गर्म है। मौसम विभाग का कहना है कि अक्टूबर में ऐसा ही मौसम रहेगा। नवंबर के दूसरे सप्ताह से तेज ठंड का दौर शुरू हो जाएगा। अक्टूबर महीने में मौसम का मिला-जुला असर रहने की संभावना जताई है। रात व सुबह हल्की ठंड है तो दिन में धूप का असर बना रहेगा। कहीं-कहीं बारिश का अनुमान भी है। मौसम का मिजाज बदलने से रात के तापमान में फिर गिरावट हुई है। सोमवार-मंगलवार की रात में भोपाल का न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इंदौर में 18.6 डिग्री, ग्वालियर-उज्जैन में 19.5 डिग्री और जबलपुर में 21 डिग्री रहा। राजगढ़ में सबसे कम 15.4 डिग्री सेल्सियस रहा। दतिया, धार, गुना, खंडवा, खरगोन, पचमढ़ी, रतलाम, शिवपुरी, नौगांव, टीकमगढ़ में पारा 20 डिग्री से कम रहा।

## स्कूल वैन से 20 से ज्यादा गाड़ियों को कुचला

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में शराब के नशे में धुत ड्राइवर ने स्कूल वैन से दो कारों और 20 मोटरसाइकिलों को कुचल दिया। स्कूटी पर बैठी महिला और उसकी बेटी को भी टक्कर मार दी। दोनों को चोटें आई हैं। गुस्साए लोगों ने ड्राइवर की पिटाई कर दी। फिर पुलिस को सौंप दिया। मामला छतरपुर जिला अस्पताल में मंगलवार देर रात का है। कोतवाली पुलिस आरोपी इकराम को हिरासत में लेकर जांच कर रही है। छतरपुर जिला अस्पताल के गार्ड अरविंद सिंह ने बताया कि इकराम ने लापरवाहीपूर्वक निजी स्कूल वैन नंबर स्क्र6 ञ्च 2066 से कई गाड़ियों को रौंदा। गार्ड ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो उसने गार्ड पर भी वाहन चढ़ाने की कोशिश की। वह एकतरफ कूदकर बचा। गाड़ियों को टक्कर मारने के बाद वैन अस्पताल के गेट के पास जाकर रुक गई। मौके पर मौजूद लोगों ने ड्राइवर इकराम को बाहर निकाला। पिटाई शुरू कर दी। अस्पताल चौकी पुलिस और गार्ड ने हस्तक्षेप कर आरोपी को भीड़ से बचाया। गार्ड अरविंद सिंह के मुताबिक, इकराम स्कूल वैन का शव वाहन के रूप में भी उपयोग करता है। उस पर खून की दलाली करने के आरोप भी हैं। वह अक्सर अस्पताल परिसर में शराब पीकर घूमता रहता है। हादसे में क्षतिग्रस्त गाड़ियों के मालिकों ने नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जिला अस्पताल परिसर में दलाल और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, समस्या बन गया है। प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद स्थायी सुधार नहीं हो रहा है।

## गागोरनी में रास्ते विवाद पर दो परिवारों में संघर्ष-8 लोग घायल, तीन गंभीर,पुलिस ने 3 आरोपियों को हिरासत में लिया



**राजगढ़ (भोपाल), एजेंसी।** जिले के जीरापुर थाना क्षेत्र के गागोरनी गांव में मंगलवार सुबह रास्ते के पुराने विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस झड़प में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को झालावाड़ रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह विवाद घर के सामने से निकलने वाले रास्ते को लेकर था। आरोप है कि तस्लीम नामक युवक ने अपने 10 से अधिक साथियों के साथ मिलकर दिनेश बैरागी के परिवार पर लाठी, डंडे और पत्थरों से हमला किया। अचानक हुए इस हमले में घायल सभी आठ लोगों को उपचार के लिए जीरापुर अस्पताल ले जाया गया। वहां से तीन गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए झालावाड़ रेफर किया गया है।घटना की सूचना मिलते ही जीरापुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। विवाद बढ़ने की आशंका को देखते हुए जीरापुर, खिलचीपुर और माचलपुर थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। गागोरनी गांव में भोजपुर पुलिस भी तैनात की गई है। पुलिस ने हमले में शामिल तीन आरोपी तस्लीम, शाहरुख और इब्राहिम को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। हमले के बाद गांव में तनाव फैल गया।

# शहडोल में तलवार से दो भाइयों का मर्डर

## बचाने पहुंचा तीसरा भाई गंभीर घायल ; एक ने मौत से पहले रिकॉर्ड किया मैसेज



**शहडोल, एजेंसी।** शहडोल जिले में तलवार से वार कर दो भाइयों की हत्या कर दी गई। बचाने पहुंचे तीसरे भाई की पर भी हमला किया, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हत्या के मुख्य आरोपी ने अपने कुछ साथियों के साथ बुढार थाने में सरेंडर कर दिया है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने केशवाही चौकी प्रभारी आशीष झारिया को लाइन हाजिर कर दिया।

घटना मंगलवार रात बलबहरा गांव की है। सोनू उर्फ राकेश तिवारी और राहुल तिवारी अपनी ऑटो पार्ट्स की दुकान में दीया जलाने पहुंचे थे, तभी आरोपी अनुराग शर्मा, धनेश शर्मा, नयन पाठक, नीलेश कुशवाहा और अन्य आरोपी तलवार और धारदार हथियार लेकर वहां पहुंचे। सभी ने दुकान में दीया जला रहे भाइयों पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही राकेश का बड़ा भाई सतीश भी मौके पर पहुंचा। आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया।

स्थानीय लोग खून से लथपथ घायलों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। छोटे भाई राहुल की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत से पहले राहुल तिवारी ने अपने मोबाइल पर मैसेज रिकॉर्ड किया है। इसमें उसने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि यह उसका अंतिम बयान है। उसने सभी आरोपियों के नाम भी बताए हैं। जानकारी के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच एक एकड़ भूमि को लेकर विवाद था। चार दिन पहले भी मालिकाना हक को लेकर झगड़ा हुआ था। केशवाही चौकी में दोनों पक्ष गए थे, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी।

### जमीन के साथ ही गांजा तस्करी में वर्चस्व की जंग

पुलिस ने बताया कि तिवारी और शर्मा परिवार में जमीनी को लेकर 2021 से विवाद चला आ रहा है। यह मामला कोर्ट में विचारधीन है। इसमें राकेश और उसके भाइयों ने आरोपी अनुराग के साथ मारपीट की थी। इसी को लेकर दोनों में दुश्मनी थी।

इसके अलावा, दोनों पक्ष गांजे का भी अवैध तरीके से कारोबार करते थे। आरोपी अनुराग शर्मा और मृतक राकेश तिवारी के खिलाफ गांजा तस्करी का मामला भी दर्ज है। जमीन के साथ दोनों पक्ष के बीच गांजे के अवैध कारोबार को लेकर भी वर्चस्व की लड़ाई थी।





## दीपावली पर पटाखा विवाद हत्याकांड में पुलिस ने तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**उमरिया, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में दीपावली के दौरान पटाखा फोड़ने को लेकर हुए विवाद में नौरोजाबाद थाना अंतर्गत बिलासपुर दफाई क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 में एक पड़ोसी की मौत हो गई। रात करीब 12 बजे सोनी परिवार और बिलासपुर छत्तीसगढ़ निवासी कोल माइंस कर्मचारी छठ साहू (55) के बीच पटाखा फोड़ने को लेकर झगड़ा शुरू हुआ।

जानकारी के अनुसार, सोनी परिवार ने पटाखा फोड़ने से मना किया, लेकिन छठ साहू और उनका परिवार नहीं माने। विवाद बढ़ता गया और दोनों पक्षों में हाथापाई तक पहुंच गया। इसके बाद सोनी परिवार सो गया, लेकिन छठ साहू थाने पहुंचे और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**एमएलसी के दौरान हुई मौत:** नौरोजाबाद थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा ने बताया कि छठ साहू को एमएलसी कराने अस्पताल ले जाया गया। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना में शामिल सुशील सोनी, रोहित सोनी और कृष्ण कुमार सोनी को अभिरक्षा में ले लिया है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंपा जा रहा है।

**आगे की कार्रवाई:** अभी मृत्यु के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृतक की मौत के आधार पर उचित धाराओं में इजाफा किया जाएगा और मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मध्य प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर, 15 जिलों में बारिश का अलर्ट, रातें ठंडी हुई ।

# मंत्री प्रहलाद पटेल ने गौ सेवकों को दी सीख, कहा- गोबर उठाने में शर्म तो ढोंग न करें



**नरसिंहपुर, एजेंसी।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि गौ सेवा पैसे से नहीं हो सकती। उन्होंने दिखावटी गौ सेवा पर कहा, यदि हमें गोबर उठाने में शर्म आती है तो गौ सेवा करने का ढोंग नहीं करना चाहिए।

मंत्री प्रहलाद पटेल नरसिंहपुर जिले की बहोरिपार ग्राम पंचायत में गौशाला में गोवर्धन एवं गौ पूजन कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजन का मतलब एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि गांव और गौवंश के विकास की भावना को आत्मसात करना है।

उन्होंने कहा कि गौ सेवा केवल पैसे से नहीं हो सकती। कई लोग केवल दान देकर स्वयं को गौ सेवक मान लेते हैं, जबकि वास्तविक सेवा तब होती है जब व्यक्ति स्वयं गौशाला में जाकर कार्य करे। यदि हमें गोबर उठाने में शर्म आती है तो गौ सेवा करने का ढोंग नहीं करना चाहिए।

### अपने परिवार का उदाहरण दिया

प्रहलाद पटेल ने अपने परिवार और पुरानी परंपराओं को याद करते हुए कहा कि पहले गांवों में कोई भी अपने गौवंश को बेसहारा नहीं छोड़ता था, लेकिन अब यह स्थिति बदल गई है। उन्होंने चेतावनी दी, यदि हम देसी गायों को नहीं बचाएंगे, तो आने वाले समय में जब गोबर की आवश्यकता होगी, तब हमारे पास गाय ही नहीं बचेंगी।

### देसी गाय के गोबर का महत्व बताया

उन्होंने देसी नस्ल के गोबर की विशेषता बताते हुए कहा कि इसमें ऐसी तत्वीय क्षमता होती है जो बंजर भूमि को भी उपजाऊ बना सकती है। मंत्री पटेल ने युवाओं से अपील की कि वे गौ सेवा को केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि पर्यावरण और संस्कृति की रक्षा का माध्यम समझें।

## गौशाला में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने किया गोवर्धन पूजन

**गुना, एजेंसी।** गुना जिले में बुधवार को गोवर्धन पूजा का पर्व उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने अपने घरों में गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर उनकी पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। वहीं, जिला प्रशासन ने कैंट स्थित गौशाला में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें विधायक, कलेक्टर और अन्य अधिकारियों ने शामिल होकर गौ पूजन किया। सोमवार और मंगलवार को दीपावली मनाने के बाद बुधवार को जिले भर में गोवर्धन पूजा की धूम रही। महिलाओं ने अपने घरों के आंगन में गोबर से गोवर्धन भगवान की आकृति बनाई। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर उन्हें अन्नकूट का भोग लगाया और आरती उतारी। मान्यता है कि इस दिन गाय के माथे पर तिलक लगाकर हरा चारा खिलाने से घर में सुख-समृद्धि आती है। जिला प्रशासन द्वारा कैंट स्थित गौशाला में गोवर्धन पूजा का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगरपालिका द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, नपा अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, एसडीएम शिवानी पांडे और प्रभारी सीएमओ मंजूषा खत्री सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए सभी अतिथियों ने मिलकर पहले गोवर्धन भगवान की पूजा की और उन्हें 56 भोग लगाया। इसके बाद गौ पूजन कर गायों को गुड़ खिलाया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका द्वारा अतिथियों को हस्तनिर्मित वस्तुएं भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में, गौशाला में गौसेवा करने वाले नागरिकों और समाजसेवियों का भी सम्मान किया गया।



# देवास में गोवर्धन पूजा पर बच्चों को गोबर में लेटाया

## गांव वालों की मान्यता ऐसा करने से बच्चे सालभर स्वस्थ रहते हैं



**देवास, एजेंसी।** देवास में दिवाली के दूसरे दिन मनाए जाने वाले पड़वा पर्व पर बुधवार को गोवर्धन पूजा की गई। देवास के कृष्णापुरा स्थित गवली समाज द्वारा कई वर्षों से एक परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है, जिसमें छोटे बच्चों को गाय के गोबर से बने गोवर्धन में लेटाया जाता है। इस परंपरा के पीछे यह मान्यता है कि ऐसा करने से बच्चों का स्वास्थ्य वर्ष भर अच्छा रहता है और वे बीमार नहीं पड़ते। समाज के लोग बताते हैं कि यह आयोजन कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है।

**ग्रामीणों की मान्यता- बच्चे सालभर रहते हैं स्वस्थ्य:** पूजा के लिए समाज की महिलाएं सुबह गाय के गोबर से गोवर्धन बनाती हैं। इसके बाद उसकी विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। विभिन्न पकवान बनाकर गोवर्धन महाराज को भोग लगाया जाता है, और फिर छोटे बच्चों को स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ इसमें लेटाया जाता है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ग्वालों की रक्षा की थी। इसी कारण गवली समाज में यह मान्यता स्थापित हुई कि गोवर्धन उनकी रक्षा करते हैं, और इसीलिए बच्चों को गोबर में रखा जाता है। इस आयोजन से पहले गवली समाज द्वारा पूरे क्षेत्र में मंगलगीत गाकर सामूहिक पूजा की जाती है। क्षेत्र में कई स्थानों पर इस प्रकार के आयोजन होते हैं, जिसमें समाज के लोग आतिशबाजी भी करते हैं।

# लोगों ने एक-दूसरे पर पटाखे छोड़े पुलिस बल और फायर फाइटर रहे मौजूद



**खरगोन ,एजेंसी।** खरगोन के टवड़ी मोहल्ला क्षेत्र में दीपावली की पड़वा पर गोवर्धन पूजा के बाद परम्परागत आतिशबाजी की गई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने एक-दूसरे पर पटाखे छोड़कर अपनी सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया। सुबह रघुवंशी, पाल, दांगी, कहार और प्रजापत समाज के लोगों ने अपनी-अपनी गलियों से आतिशबाजी में हिस्सा लिया। यह परंपरा खुशी जताने और शक्ति प्रदर्शन के रूप में निभाई जाती है।

एक-दूसरे पर छोड़ते हैं पटाखे

आतिशबाजी से जुड़े जोखिम को देखते हुए, नगर पालिका ने फायर फाइटर तैनात किए थे। कोतवाली थाना प्रभारी बीएल मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भी पूरे कार्यक्रम की निगरानी की। स्थानीय निवासियों के अनुसार, टवड़ी क्षेत्र में यह परंपरा 150 से अधिक वर्षों से चली आ रही है।

गोवर्धन पूजा और पशुधन दौड़ के बाद, उत्साह में लोग एक-दूसरे पर सुरक्षित पटाखे छोड़ते हैं। प्रतिभागी टाट के थैले की आड़ लेकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। अभी तक कोई गंभीर हादसा दर्ज नहीं किया गया है।

सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष बबलू पाल ने बताया कि पशुधन पूजा के बाद यह आतिशबाजी की जाती है। उन्होंने स्वीकार किया कि इसमें जोखिम होता है, लेकिन परंपरा को बनाए रखना भी आवश्यक है।

# अवैध शराब पर 4 दिन बाद पुलिस कार्रवाई

## जग्गा पाल के ठिकाने से 23 पांव जब्त, सोशल मीडिया से प्रेशर में आए अधिकारी



**सीधी, एजेंसी।** सीधी जिले की कोतवाली पुलिस ने ग्राम खजुरी में अवैध शराब बिक्री के मामले में चार दिन बाद कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने और जनदबाव बढ़ने के बाद बुधवार देर शाम जग्गा पाल के ठिकाने से 23 पांव देशी शराब जब्त की गई। यह कार्रवाई पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम खजुरी के मॉडल स्कूल के पास एक कच्चे मकान में जग्गा पाल नामक व्यक्ति लंबे समय से अवैध शराब बेच रहा था। बताया गया है कि ठेकेदार यह शराब ?180 में सप्लाई करते थे, जिसे स्थानीय दुकानदार ?200 में बेचकर मुनाफा कमाते थे। ग्रामीणों ने पहले भी कई बार इसकी शिकायत की थी।

पिछले सप्ताह अवैध शराब बिक्री का एक वीडियो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में शराब की बोतलों की खुलेआम बिक्री और लोगों को शराब पीते हुए देखा गया था। वीडियो वायरल होने के बावजूद कोतवाली पुलिस ने तीन दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने तभी कदम उठाया जब यह मामला जनदबाव और मीडिया का मुद्दा बन गया। इस मामले पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस केवल ऊपर से दबाव आने पर ही कार्रवाई करती है। वहीं, कोतवाली थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल ने बताया कि पुलिस ने 23 पांव देशी शराब जब्त की है और आगे की जांच जारी है।

# महिला विश्व कप - दक्षिण अफ्रीका ने डीएलएस नियम के तहत पाकिस्तान को 150 रन से हराया

**कोलंबो, एजेंसी।** कोलंबो के आर प्रेमदासा क्रिकेट स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच मंगलवार को खेला गया मैच बारिश से प्रभावित रहा। दक्षिण अफ्रीका ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत पाकिस्तान को 150 रन से हरा दिया।पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। बारिश की वजह से पहले मैच 40-40 ओवर का निश्चित हुआ था। दक्षिण अफ्रीका ने 40 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 312 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका 5 के स्कोर पर तंजीम ब्रिट्स के रूप में लगा। इसके बाद कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट और सुने लुस ने दूसरे विकेट के लिए 118 रन



की मजबूत साझेदारी की। लुस 59 गेंद पर 61 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद चौथे विकेट के लिए वोल्वार्ड्ट ने मारिजेन कैप के साथ 64 रन की साझेदारी की। वोल्वार्ड्ट चौथे विकेट के रूप में 82 गेंद पर 2 छक्के और 10 चौकों की मदद से 90 रन बनाकर आउट हुईं। मारिजेन कैप 43 गेंद पर 3 छक्के और 6 चौकों की मदद से 68 रन बनाकर नाबाद रहीं। नादिने डे क्लार्क ने 16 गेंद पर 41 रन की पारी खेली। इन 4 पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने 9 विकेट पर 312 रन बनाए थे। पाकिस्तान के लिए सादिया इकबाल ने 8 ओवर में 63 रन देकर 3, नशरा संधु ने 8 ओवर में 45 रन देकर 3, और फातिमा सना ने 8 ओवर में 69 रन देकर 1 विकेट लिए।

पाकिस्तान को 313 रन का लक्ष्य मिला था। पाकिस्तान की पारी भी बारिश की वजह से बुरी तरह प्रभावित रही। डीएलएस नियम के तहत अंपायरों ने पाकिस्तान को 20 ओवर में 234 का लक्ष्य दिया। पाकिस्तान 7 विकेट के नुकसान पर 83 रन बना सकी और मैच 150 रन के बड़े अंतर से हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए मारिजेन कैप ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका अंक तालिका में पहले स्थान पर चली गई है। दक्षिण अफ्रीका के 6 मैचों में 5 जीत और 1 हार के साथ 10 अंक हैं। वहीं, पाकिस्तान अंक तालिका में सबसे नीचे है।

## साईं दरबार में सूर्यकुमार यादव टी-20 सीरीज़ से पहले शिर्डी में लिया साईं बाबा का आशीर्वाद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज़ 29 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने जा रही है. इस अहम दौरे से पहले भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अपनी पत्नी देविषा शेट्टी के साथ शिर्डी पहुंचे और साई बाबा के दरबार में श्रद्धापूर्वक दर्शन किए. दिवाली के अवसर पर दोनों ने साई बाबा की मध्यान्ह आरती में शामिल होकर पूजा-अर्चना की. सूर्यकुमार यादव ने साई समाधि पर केसरी रंग की शॉल अर्पित की और द्वारकामाई व गुरुस्थान के भी दर्शन किए. साई बाबा संस्थान के उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी भीमराज दराडे ने सूर्यकुमार यादव और उनके परिवार का साईबाबा शॉल भेंट कर सत्कार किया. इस आध्यात्मिक यात्रा के बाद सूर्यकुमार यादव अब ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे. क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में टीम इंडिया इस टी-20 सीरीज़ में शानदार प्रदर्शन करेगी.

## फिर टीम इंडिया ने पाकिस्तानी कप्तान से नहीं मिलाया हाथ, मैच में 81-26 से रौंदा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई युवा खेलों में भारत की युवा कबड्डी टीम ने ऐसा प्रदर्शन किया जिसने पूरे देश को गर्व से भर दिया. बहरीन में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 81-26 के विशाल अंतर से हरा दिया. इस मैच से पहले टॉस के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसने सबका ध्यान खींच लिया. भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ मिलाने से मना कर दिया.

**पाकिस्तान की करारी हार :** टॉस के वक्त हुए इस 'नो हैंडशेक' मोमेंट के बावजूद, भारतीय टीम ने मैदान पर शानदार खेल दिखाया. शुरू से ही भारत ने मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा. पाकिस्तान की टीम भारतीय खिलाड़ियों की गति और रणनीति के आगे टिक ही नहीं पाई. इससे पहले भारत ने बांग्लादेश को 83-19 और श्रीलंका को 89-16 से हार का स्वाद चखाया था. यानी टीम इंडिया अब तक टूर्नामेंट में अपराजित रही है और फाइनल की ओर मजबूती से बढ़ रही है.

**कबड्डी में भारत का एकछत्र राज :** पहली बार है जब कबड्डी को एशियाई युवा खेलों का हिस्सा बनाया गया है. सात देशों की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ रही हैं. इस फॉर्मेट में जो टीमें शीर्ष पर रहेंगी, वे 23 अक्टूबर को होने वाले फाइनल मुकाबले में आमने-सामने होंगी. मौजूदा प्रदर्शन देखकर ऐसा लगता है कि भारत फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर चुका है.

**'नो हैंडशेक' से उठे सवाल, लेकिन मिला देश का समर्थन :** भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बीच हाथ न मिलाने का ट्रेंड अब बार-बार दिखने लगा है. कुछ महीने पहले एशिया कप क्रिकेट में भी सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम ने मैच के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने का फैसला किया था. महिला टीम ने भी इसी साल विश्व कप के दौरान ऐसा ही किया था. भारत की ओर से यह रुख हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद से लिया गया है. इस हमले में 26 भारतीय मारे गए थे. कई खेल विश्लेषकों का मानना है कि यह 'नो हैंडशेक' पाकिस्तान के खिलाफ एक मूक विरोध है।

## सचिन से 5000 ज्यादा मेरे रन सबसे ज्यादा शतक भी मेरे होते, ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज के बयान से सब हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिस्टर क्रिकेट के नाम से मशहूर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज माइक (माइकल) हसी का एक बयान खूब वायरल हो रहा है. हसी ने कहा है कि अगर उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट में ज्यादा मौके मिले होते या सही समय पर उनका डेब्यू हुआ होता तो फिर वह भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से 5000 रन ज्यादा बना देते. यू-ट्यूब चैनल पर माइक हसी ने कहा, मेरे टाइम पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में काफी प्रतिभा थी, जिस कारण मुझे देरी से मौका मिला. अगर मुझे सही समय पर मौका मिला होता तो यकीनन मैं सचिन तेंदुलकर से ज्यादा रन बना देता।



हसी ने आगे कहा, मैंने इसके बारे में बहुत सोचा है. मैं सचिन से 5000 रन पीछे रह जाऊंगा, जो इस खेल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. सबसे ज्यादा जीत, सबसे ज्यादा शतक, सबसे ज्यादा एशेज और सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप, हर चीज मेरे नाम. फिर बदकिस्मती से मैं सुबह उठता हूं तो यह सब सपना लगता है. फिर मैं सोचता हूं मुझे पहले मौका मिला होता तो ज्यादा अच्छा होता. बता दें कि इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर के नाम हैं. टेस्ट में सचिन ने 15921 रन, वनडे में 18426 रन और टी20 में 10 रन बनाए. ऐसे में सचिन के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 34 हजार से ज्यादा रन हैं. अब हसी का यह कहना है कि वह सचिन से 5000 रन बना देते, हर किसी को हैरान करने वाला है. माइकल हसी को करीब 31 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला था. वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 79 टेस्ट, 185 वनडे और 38 टी20 मैच खेले. टेस्ट में हसी के नाम 6235 रन, वनडे में 5442 रन और टी20 में 721 रन हैं. हसी ने टेस्ट में 19 और वनडे में 3 शतक जड़े. वह सचिन से इंटरनेशनल क्रिकेट में 78 शतक पीछे रहे. सचिन तेंदुलकर के जहां 100 शतक रहे, वहीं हसी के नाम 22 शतक ही रहे।

## पंजाब एफसी ने समीर ज़ेल्ज़कोविक को सीज़न के पहले विदेशी खिलाड़ी के रूप में साइन किया

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने समीर ज़ेल्ज़कोविक को टीम का पहला विदेशी साइनिंग घोषित किया है, जो 25 अक्टूबर से गोवा में शुरू होने वाले एआईएफएफ सुपर कप 2025 से पहले टीम में शामिल हो रहे हैं। ज़ेल्ज़कोविक को फ्री ट्रांसफर पर एक साल के अनुबंध के तहत साइन किया गया है। वे पिछले सीज़न सर्बिया के क्लब रादनिकी 1923 के साथ खेले थे।बोस्निया और हर्ज़ेगोविना के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ज़ेल्ज़कोविक सेंटर बैक या डिफेंसिव मिडफील्डर दोनों पोजिशनों पर खेल सकते हैं। उन्हें यूरोपीय लीग्स में खेलने का अनुभव है और उन्होंने अपने पिछले क्लब रादनिकी 1923 के लिए 2025-26 यूईएफए कॉन्फ्रेंस लीग क्वालिफायर में भाग लिया था। उन्हें 2020-21 यूईएफए नेशंस लीग में इटली और नीदरलैंड्स के खिलाफ मैचों के लिए संभावित टीम में शामिल किया गया था और ईरान के खिलाफ फ्रेंडली मैच के लिए भी बुलाया गया था। 28 वर्षीय ज़ेल्ज़कोविक ने एफके साराजेवो की युवा अकादमी से फुटबॉल की शुरुआत की, जहाँ उन्होंने छह साल बिताए। इसके बाद उन्होंने इगमैन कोंजिक क्लब से 2017-18 सीज़न में बोस्निया की सेकंड डिवीज़न में अपना सीनियर पदार्पण किया।



अगले सीज़न में उन्होंने बोस्निया और हर्ज़ेगोविना के प्रमुख क्लब वेलज़ मोस्टार में कदम रखा, जहाँ उन्होंने पांच सीज़नों में कुल 149 मैच खेले। 2023 में, ज़ेल्ज़कोविक अपने बचपन के क्लब एफके साराजेवो लौटे, जहाँ से उन्हें उज़्बेकिस्तान सुपर लीग क्लब बुन्योदकोर को लोन पर भेजा गया था। साइनिंग पर बोलते हुए, पंजाब एफसी के तकनीकी निदेशक निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, हमारी भर्ती नीति हमेशा रणनीतिक रही है। हम ऐसे खिलाड़ियों की पहचान करते हैं जो हमारे सिस्टम में फिट बैठते हैं और साथ ही अपने अनुभव और प्रोफेशनलिज़्म से टीम के माहौल को बेहतर बनाते हैं। समीर के पास यूरोप और एशिया दोनों महाद्वीपों में खेलने का अनुभव है। हमें विश्वास है कि समीर टीम के प्रदर्शन स्तर को ऊंचा उठाने के साथ-साथ हमारे युवा खिलाड़ियों के विकास में भी योगदान देंगे।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल-नासर के साथ भारत क्यों नहीं आए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सऊदी प्रो लीग की टीम अल-नासर एएफसी चैंपियंस लीग 2 मैच में एफसी गोवा के खिलाफ खेलने के लिए भारत पहुंच चुकी है। टीम अपने कप्तान और दुनिया के मशहूर फुटबॉलर में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना पहुंची है।अल-नासर और एफसी गोवा के बीच मैच 22 अक्टूबर को फतोर्दा स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच गोवा के फुटबॉल प्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है। उन्हें कई दिग्गज फुटबॉलरों को देखने का मौका मिलेगा। लेकिन रोनाल्डो के फैंस के लिए उनका भारत न आना बेहद निराशाजनक है। अल-नासर टीम की जब से भारत आने की सूचना थी, फुटबॉल प्रेमियों के मन में रोनाल्डो के आने की उम्मीद बढ़ी थी। लेकिन भारत दौरे से दूर रहते हुए उन्होंने अपने भारतीय फैंस को निश्चित रूप से निराश किया है। रोनाल्डो ने जब अल-नासर के साथ अनुबंध किया था, तो उसमें एक प्रावधान था कि सऊदी अरब से बाहर



होने वाले मैचों से वह खुद को बाहर रख सकते हैं। इसी प्रावधान के तहत रोनाल्डो ने गोवा के खिलाफ होने वाले मैच से हटने का फैसला लिया है।

दरअसल, रोनाल्डो 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं। विश्व कप के लिए 40 साल के रोनाल्डो अपने कार्यभार का प्रबंधन कर रहे हैं। शरीर को फिट रखने के लिए वह कम मैचों का चुनाव कर रहे हैं ताकि अगले विश्व कप में पुर्तगाल के लिए खेल सकें। रोनाल्डो पूर्व के दो मैचों में भी टीम का हिस्सा नहीं थे। हालांकि कप्तान रोनाल्डो की अनुपस्थिति में भी अल-नसार का प्रदर्शन पिछले दो मैचों में शानदार रहा है। टीम दोनों मैचों में विजयी रही और इसके अगले दौर में पहुंचने की पूरी संभावना है। एएफसी चैंपियंस लीग 2 में एफसी गोवा और अल-नसार एक ही ग्रुप में हैं।

## दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के निशाने पर होंगे रोहित और कोहली, कंगारूओं ने Ro-Ko के लिए बनाई योजना

**एडिलेड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज भी जानते हैं कि रोहित-कोहली पर एडिलेड में रन बनाने का दबाव होगा। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दोनों ही बल्लेबाजों की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम को दूसरे वनडे में घेरने के लिए ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने साढ़े सात माह बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली को निशाना बनाने की योजना बनाई है। पहले वनडे में फ्लॉप रहे दोनों दिग्गजों के लिए एडिलेड का मैच महत्वपूर्ण होगा। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज भी जानते हैं कि दोनों पर एडिलेड में रन बनाने का दबाव होगा। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दोनों ही बल्लेबाजों की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजे से खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की कोशिश इन दोनों को एक बार फिर सस्ते में आउट करते हुए भारतीय टीम पर दबाव बनाकर एडिलेड में ही सीरीज जीतने की होगी। वहीं, भारतीय टीम की कोशिश पर्थ में मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलिया पर पलटवार करने की होगी, लेकिन इसके लिए गुरुवार को होने वाले



दूसरे वनडे में रोहित और विराट के बल्ले से रन निकलना अहम होगा। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट का कहना है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम जब भारत के खिलाफ एडिलेड में उतरेगी तो उसकी कोशिश विराट कोहली की ऑफ स्टंप के बाहर की कमजोरी का फायदा उठाने की होगी। पर्थ में भी मिचेल स्टार्क ने विराट को शून्य पर ऑफ स्टंप के बाहर स्विंग होती गेंद पर आउट किया था। बीते कुछ समय में विराट ऑफ स्टंप के बाहर अपनी गलती के चलते कई बार आउट हुए हैं। विराट कोहली के लिए एडिलेड ओवल एक ऐसा मैदान है, जहां उन्होंने काफी रन बनाए हैं।

## एशियन यूथ गेम्स: 23 सदस्यीय बॉक्सिंग दल से भारत को उम्मीदें, बहरीन रवाना हुए खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने एशियन यूथ गेम्स 2025 के लिए 23 सदस्यीय मुक्केबाजी दल को बहरीन रवाना किया है। एशियन यूथ गेम्स का आयोजन 22-31 अक्टूबर के बीच होगा। हालांकि, कुछ प्रतियोगिताएं 19 अक्टूबर से शुरू हो गई हैं।यह दल मनामा में आयोजित एशियन यूथ गेम्स में 14 भार वर्गों में देश का प्रतिनिधित्व करेगा। इनमें अंडर-17 आयु वर्ग में लड़के और लड़कियों के लिए सात-सात भार वर्ग शामिल हैं। एग्जीबिशन वर्ल्ड बहरीन हॉल 9 में मुक्केबाजी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें सिंगल-एलिमिनेशन फॉर्मेट में तीन राउंड के मुकाबले होंगे। पदक समारोह 30 अक्टूबर, जबकि समापन समारोह 31 अक्टूबर को होगा। एशियन यूथ गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे मुक्केबाजों ने 23 सितंबर से 20 अक्टूबर तक एनएस एनआईएस पटियाला में हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लिया है। ये खिलाड़ी अब एशिया के सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजों से मुकाबले के लिए तैयार हैं।



कैंप में हेड कोच विनोद कुमार (ब्वॉयज अंडर-17) और जितेंद्र राज सिंह (गर्ल्स अंडर-17) की देखरेख में तकनीक, तेजी और शारीरिक फिटनेस को बेहतर बनाने पर फोकस किया गया। इस दौरान छह ट्रेनर, दो फिजियोथेरेपिस्ट और एक डॉक्टर की समर्पित टीम ने सहयोग दिया। टीम का चयन छठी अंडर-17 जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में प्रदर्शन के आधार पर किया गया। गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों को सीधे टीम में जगह मिली, जबकि सिल्वर मेडलिस्ट को रिजर्व के रूप में चुना गया। इस टीम में जुलाई 2025 में आयोजित एशियन अंडर-17 चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। भारत ने एशियन अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 में 43 पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया था, जिससे युवा मुक्केबाजी में देश की बढ़ती प्रतिष्ठा और मजबूत हुई। भारतीय खेमे में ध्रुव खरब, उधम सिंह राघव, खुशी चंद, अहाना शर्मा और चंद्रिका भोरेशी पुजारी शामिल हैं। ये सभी गोल्ड मेडलिस्ट हैं और भारत की युवा मुक्केबाजी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

## पर्थ में फ्लॉप रहे रोहित-कोहली, बल्लेबाजी कोच ने इस तरह सपोर्ट किया

**एडिलेड, एजेंसी।** भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन किया है, जिन्होंने पर्थ में खेले गए पहले वनडे मैच में निराशाजनक प्रदर्शन किया था। कोटक का मानना है कि %रो-को% ने सीरीज के लिए पूरी तैयारी की थी, लेकिन मौसम ने खेल बिगाड़ दिया।सितांशु कोटक के मुताबिक, पर्थ में मौसम की स्थिति बल्लेबाजों के लय हासिल करने में संघर्ष करने का एक प्रमुख कारण थी, जिसके कारण खिलाड़ियों को कई बार मैदान से बाहर जाना पड़ा। विराट कोहली और रोहित शर्मा ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के समापन के बाद पहली बार टीम इंडिया में वापसी की, लेकिन फैंस को निराश कर गए। पर्थ में रोहित ने 14 गेंदों में 8 रन बनाए, जबकि विराट कोहली 8 गेंदों में खाता तक नहीं खोल सके।



बारिश से प्रभावित इस मैच में भारत को डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। सितांशु कोटक ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, रोहित-कोहली काफी अनुभवी हैं। मुझे लगता है कि मौसम की वजह से ऐसा हुआ। अगर ऑस्ट्रेलिया पहले बल्लेबाजी करने उतरता, तो भी स्थिति ऐसी ही होती। जब चार-पांच बार रुकावट आती है और हर दो ओवर में आप अंदर जाकर मैदान पर वापस आते हैं, तो यह आसान नहीं होता।

बल्लेबाजी कोच ने रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर कहा, ऑस्ट्रेलिया आने से पहले, उन्होंने पूरी तैयारी की थी। मुझे लगता है कि अभी उनके बारे में किसी तरह की राय बनाना जल्दबाजी होगी। उन्होंने अभी-अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है। वे अभी भी आईपीएल खेल रहे हैं। हमें उनकी तैयारियों और उनकी फिटनेस की स्थिति के बारे में अच्छी तरह पता है। वे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी भी जाते हैं। वे वहां क्या कर रहे हैं, जाहिर है, मैं उन्हें देखता हूं।

उन्होंने कहा, ऐसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ, अगर जरूरत न हो तो आप हस्तक्षेप नहीं करना चाहेंगे। अगर वे सही काम कर रहे हैं और आप फिर भी हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहे हैं, तो यह सही तरीका नहीं हो सकता।

# चित्रकूट के पांच दिवसीय दीपावली मेला में 35 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दी अपनी आमद

## मां मंदाकिनी में किया स्नान और दीपदान, कामतानाथ के किये दर्शन और की परिक्रमा

139 सतना 22 अक्टूबर 2025/सतना जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चित्रकूट में 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक आयोजित हुये पांच दिवसीय दीपावली मेला का बुधवार को समापन हो गया है। इस बार आयोजित पांच दिवसीय मेले में देश के कोने-कोने से लगभग 35 लाख से अधिक श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कामतानाथ स्वामी के दर्शन कर परिक्रमा की और गुप्त गोदावरी, हनुमानधारा, सती अनुसुइया सहित चित्रकूट के धार्मिक महत्व के स्थलों के दर्शन किए। दीपावली मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर दीपदान भी किया। मेला समापन अवसर पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने विकास प्राधिकरण के कार्यालय में दीवाली मेले में तैनात समस्त अधिकारियों और प्रभारियों की बैठक लेकर समीक्षा की और मेले के सफलतापूर्वक संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के कुशल निर्देशन में चित्रकूट में आयोजित मेला व्यवस्थित रूप से सफलता पूर्वक संपन्न हो गया है। चित्रकूट में दोनो ही अधिकारियो की उपस्थिति और निगरानी से चित्रकूट के प्रत्येक प्रमुख स्थलों पर श्रृद्धालुओ को सुगमता पूर्वक दर्शन और परिक्रमा करने में कोई असुविधा नही हुई। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद और आईजी गौरव राजपूत भी चित्रकूट के पांच दिवसीय दीपावली मेले की प्रत्येक गतिविधि पर सतत नजर रखे हुए थे। चित्रकूट मेला में श्रृद्धालुजनों के पेयजल, पार्किंग, आश्रय विश्राम, खान-पान, चिकित्सा, साफ-सफाई, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध के साथ-साथ पूरी धार्मिक नगरी में की गई आकर्षक विद्युत सजावट को प्रशंसा और सराहना मिली। मां मंदाकिनी नदी के घाट और प्रमुख स्थलों पर निरंतर साफ सफाई व्यवस्था से मेले का प्राकृतिक सौन्दर्य बना रहा। मेला समापन अवसर पर प्रमुख स्थलों नदी घाट, मंदिर परिसर, पार्किंग और आश्रय स्थल की साफसफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया।

दीपावली मेले में 18 अक्टूबर धनतेरस के दिन से ही बडी संख्या में श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचने लगे थे। कई दंशकों के बाद मध्यप्रदेश का चित्रकूट जिला प्रशासन की विशेष तैयारी और श्रद्धालुओ की सुरक्षा चित्रकूट की सुन्दरता को ध्यान में रखते हुए की गई व्यवस्था तथा विभिन्न धार्मिक स्थलो पर प्रशासनिक अमले की 24 घण्टे तैनाती से पूरे चित्रकूट का वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्वक आनंद से सरावोर रहा। चित्रकूट में कामतानाथ मंदिर के समीप स्थित कन्या शाला के पास नारियल तोडने की मशीन भी लगाई गई थी और प्रत्येंक स्थल कें लिए साफ-सफाई की जिम्मेदारी जिले की नगर पंचायतों तथा समीपस्थ ग्राम पंचायतों को सौंपी गई थी। चित्रकूट दीपावली मेले के दूसरे दिन 19 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चित्रकूट आये और उन्होंने आरोग्य धाम के पंचवटी घाट में दीपदान कर प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनायें भी दी।

## गौ अभ्यारण सरभंगा पहुंचे महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा ने किया गौ पूजन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित आशुतोष गौ अभ्यारण सरभंगा बरहा में गोवर्धन पूजा के अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा ने पहुंचकर गौ पूजन किया। इस अवसर पर कंप्यूटर बाबा ने सनातन धर्म में गौ माता की सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया और समाज से गौ संवर्धन एवं संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान के प्रमुख, आशुतोष गौ अभ्यारण के संचालक राजनारायण मिश्रा (राजू), नीरज त्रिपाठी (जैतवारा), शशिकांत द्विवेदी, राहुल सोलंकी, मोतीमान गौतम, मोहित गर्ग, सोभित त्रिपाठी, मंटी मिश्रा, लकी महाराज सहित अनेक श्रद्धालु, सेवादार और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पूजन के पश्चात सभी ने गौ सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कंप्यूटर बाबा ने कहा कि गौ माता की सेवा से न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय लाभ भी होता है। इस कार्यक्रम ने गौ माता के प्रति श्रद्धा और सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया, और सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर गौ संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## मोलिया का 107 वर्ष की आयु में निधन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** ग्राम गोलहटा निवासी एवं क्षेत्र की वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय उदयनाथ मिश्रा की धर्मपत्नी मोलिया मिश्रा का सायं लगभग 6 बजे उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। वे लंबे समय से वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं से ग्रसित थीं।

स्वर्गीय मिश्रा, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस के विशेष आमंत्रित सदस्य तथा वर्तमान प्रभारी विधानसभा सिरमौर रीवा के श्री राजेन्द्र मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा, उप महाप्रबंधक प्रिज्म सीमेंट पूर्व सरपंच विष्णु मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा एवं रावेन्द्र मिश्रा की पूजनीय बड़ी माता थीं।

मिश्रा अपने सौम्य स्वभाव, धार्मिक आस्था, और संस्कारवान परिवार निर्माण में उनके योगदान के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने अपने जीवन में सदैव समाज सेवा और पारिवारिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा। उनका निधन पूरे परिवार और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन की खबर से पूरे गाँव और आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है।

स्वर्गीय मोलिया मिश्रा अपने पीछे पुत्रों, पौत्रों, पौत्रवधुओं और परिजनों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम गोलहटा में कल प्रातः 10 बजे किया जाएगा। परिवार के सभी सदस्य, शुभचिंतक एवं ग्रामीणजन इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

## निराश्रितों को मिठाइयां बांटकर सेवा संस्थान ने मनाई दिवाली

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के मझगवां में आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में उपस्थित निराश्रितों और छोटे बच्चों को मिठाइयां बांटकर दीपावली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान ने कहा कि हम सबके आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम चौदह वर्षों का वनवास बिताकर और लंकापति रावण का वध करके जब अयोध्या वापस लौटे, तो सारी नगरी सजा दी गई थी और जगह-जगह दीप जलाए गए। इस तरह त्रेता युग की पहली दिवाली मनाई गई, जो अंधकार पर प्रकाश का प्रतीक बन गई।

संस्थान के प्रमुख ने भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीवाली की रात को लक्ष्मी-गणेश पूजा इसलिए की जाती है ताकि घर में धन के साथ बुद्धि और सौभाग्य का आगमन हो। लक्ष्मी जी समृद्धि की प्रतीक हैं, जबकि गणेश जी शुभता और विवेक के प्रतीक हैं। इनकी एक साथ पूजा करने से जीवन में सुख, संतुलन और स्थिरता आती है।

संस्थान परिवार ने कहा कि यह हिंदू धर्म का सबसे पावन पर्व है, इसलिए हम सभी को यह पुनीत पर्व मिलजुलकर उत्साहपूर्वक मनाना चाहिए।

## टक्कर के बाद बाइक सवारों ने दिखाई दबंगई, भड़के मोहल्ले वालों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शहर के राजेंद्र नगर में मंगलवार रात एक मामूली टक्कर के बाद जमकर विवाद हो गया। यहां गली नंबर 15 मेन रोड पर एक कार और बाइक की हल्की टक्कर हो गई थी।



इसके बाद बाइक सवार युवक ने अपने दोस्तों को बुलाकर दबंगई दिखाई और कार सवारों को रोक लिया। इससे नाराज मोहल्ले के लोगों ने बाइक सवार और उसके साथियों को पीट दिया। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर मामला शांत कराया।


**कार सवारों को रोककर किया हंगामा:** यह घटना राजेंद्र नगर गली नंबर 15 मेन रोड पर हुई। टक्कर के बाद, बाइक सवार युवक ने दबंगई दिखाते हुए अपने दोस्तों को मौके पर बुला लिया। उन्होंने कार में सवार दो युवकों और एक महिला को रोक लिया। इस दौरान सड़क पर काफी भीड़ जमा हो गई।

**मोहल्ले वालों ने की पिटाई:** बताया गया कि कार सवारों ने हाथ जोड़कर जाने देने की गुहार लगाई, लेकिन बाइक सवारों ने उनकी बात नहीं सुनी। करीब आधे घंटे तक चले इस हंगामे से परेशान होकर मोहल्ले के लगभग एक दर्जन युवकों ने दखल दिया। उन्होंने बाइक सवार और उसके साथियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इसके बाद कार सवारों को सुरक्षित जाने दिया गया।

**पुलिस ने पहुंचकर मामला शांत कराया:** इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

## बाबा श्यामदास दरबार में धूमधाम से मनाई जाएगी गुरूनानक जयंती

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सिंधी कॉलोनी स्थित बाबा श्याम दास दरबार में गुरूनानक देव साहिब जी की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दरबार से 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी। 22 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से गुरुग्रंथ साहिब की वाणी का 15 दिवसीय पाठ आरंभ होगा। बाबा श्यामदास सेवा मंडल ने बताया कि बाबा श्यामदास दरबार में आज बाबा राजकुमार जग्यासी के मार्गदर्शन में सिंधी समाज की विशेष बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में भाई अशोक आहुजा, विंध्य चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा सहित कई गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित थे। बैठक में श्री गुरूनानक देव साहिब की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही, बुधवार 5 नवंबर को यादगार दिवस भी मनाया जाएगा, जिसमें भाई संत मोहनलाल जग्यासी जी एवं अन्य गुरु भक्तों की पवित्र याद में श्रद्धांजलि एवं नमन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तत्पश्चात आम लंगर/भंडारा होगा।

वही शाम को दरबार साहिब से शाम 4 बजे विशाल शोभायात्रा आरंभ होगी, जो सिंधी कॉलोनी के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए गुरुद्वारे में समाप्त होगी। रात्रि 1 बजे गुरु नानक साहिब जी को डोली में बिठाकर लोली देकर कार्यक्रम की समाप्ति होगी।

बैठक में सुदामा तीर्थवानी, कन्हैयालाल पोहानी, ज्ञान खटवानी, राजकुमार बजाज, विनोद गेलानी, गंगाराम होतवानी, संजय वाधवानी, दिलीप सोनी, मोनी मीरानी, महेश-संजय बसंतानी, मनोहर श्यामनानी, कन्हैयालाल कामदार, सुशील श्यामवानी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जैतवारा के मरवा गाँव में कुपोषण से मासूम की मौत, सरकारी दावे और विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जैतवारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मरवा में कुपोषण ने एक बार फिर अपनी भयावह तस्वीर पेश की है। ग्राम के मात्र चार माह के अति कुपोषित बालक हुसैन रजा की जिला अस्पताल सतना के पीडियाट्रिक आईसीयू में इलाज के दौरान मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार, मौत का प्रमुख कारण कुपोषण और निमोनिया बताया गया है। जानकारी के अनुसार, 18 अक्टूबर को हुसैन रजा की मां आसमा बानो अपने परिजनों के साथ गंभीर अवस्था में बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुँची थीं, जहाँ उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। लेकिन 20 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे मासूम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सरकार के कुपोषण उन्मूलन के दावे केवल कागज़ों तक सीमित हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और आंगनवाड़ी केंद्रों की हकीकत मरवा जैसे गांवों में उजागर हो रही है। विभागीय लापरवाही का आलम यह है कि क्षेत्र के अधिकांश आंगनवाड़ी केंद्रों में न तो नियमित वजन और स्वास्थ्य परीक्षण हो रहे हैं, और न ही पोषण आहार समय पर मिल पा रहा है। बच्चों की निगरानी के लिए बनाए गए रिकॉर्ड अधूरे हैं और स्वास्थ्य अमला भी समय-समय पर गाँवों में नहीं पहुँचता। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मरवा सहित आस-पास के कई गांवों में बच्चे कुपोषण की चपेट में हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी मौके पर ध्यान नहीं देते।

**जिम्मेदारों का गैर जिम्मेदार बयान:** बच्चे को जन्म के बाद निमोनिया हुआ था एवं इलाज के बाद उसके परिजन उसे पुणे लेकर चले गए थे। बच्चे को 18 अक्टूबर को उसकी मां जिला अस्पताल में भर्ती करवाती हैं, जहाँ उसकी स्थिति में सुधार हो रहा था, लेकिन 20 को उसकी मौत हो गई।

## सीएमओ को धमकाने वाला गिरफ्तार, प्रशासनिक अधिकारियों को जूता मारने का कहते वीडियो आया सामने

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र के ग्राम टेढ़ी पतवनिया निवासी शारदा पटेल (38), पिता श्याम बहादुर को प्रशासनिक अधिकारियों को धमकी देने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए नगर परिषद चित्रकूट के सीएमओ अंकित सोनी को जूता मारने और जान से मारने की धमकी दी थी।

वीडियो सामने आने के बाद नगर परिषद के कर्मचारी आक्रोशित हो गए और बुधवार को काम बंद कर एसडीएम मझगवां (आईएएस महिपाल सिंह गुर्जर) को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं, मध्य प्रदेश सीएमओ संघ ने भी आरोपी के खिलाफ ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शारदा पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर ने कहा कि — किसी भी व्यक्ति द्वारा इस तरह की हरकत की जाएगी तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जिले के कृशक धान की फसल के अवषेशों को नहीं जलायें

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने सतना एवं मैहर जिले के किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि धान फसल अवशेष नरवाई को खेतों में नहीं जलाएं। इनके समुचित प्रबंधन के लिए किसान भाई हैप्पीसीडर, सुपरसीडर, जीरो टिल सीड ड्रिल, कम्बाईन हार्वेस्टर विथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, रीपर कम्बाइन्डर एवं बेलर का उपयोग करें। नरवाई जलाने से मृदा, उत्पादन एवं पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

एक टन धान के भूसा में लगभग 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फास्फोरस, 25 किग्रा0 पोटेशियम 1.2 किलोग्राम सल्फर, 400 किलोग्राम कार्बन होता है जो जलने से नष्ट हो जाता है। इसी प्रकार एक टन धान की पराली जलाने से 11 किलोग्राम कणिका तत्व 58 किलोग्राम कार्बन मोनोऑक्साइड, 1400 किलोग्राम कार्बन-डाई-ऑक्साइड, 199 किलोग्राम राख एवं 1.2 किलोग्राम सल्फर डाई ऑक्साइड उत्सर्जित होती है। जो मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

पर्यावरण सुरक्षा हेतु नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नरवाई जलाने के प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देशों का उल्लंघन किए जाने पर कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं मैहर कलेक्टर रानी बाटड द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार 2 एकड़ से कम भूमि धारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 2500 रूपये, 2 एकड़ से अधिक किन्तु 5 एकड से कम भूमि धारक कृषकों पर 5000 रूपये एवं 5 एकड से अधिक भूमि धारक कृषकों पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 15000 रूपये प्रति घटना देय होगी।

# चित्रकूट में तुलसी उत्सव रघुनाथ गाथा समारोह का हुआ आयोजन

140 सतना 22 अक्टूबर 2025/विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास एवं तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट के द्वारा चार दिवसीय तुलसी उत्सव-रघुनाथ गाथा समारोह तुलसी मंच प्रमोदवन में प्रारम्भ हुआ। समारोह का आयोजन 18 अक्टूबर को दीप प्रज्जवलन तथा तुलसीदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संगठन सचिव दीनदयाल शोध संस्थान अभय महाजन, सारस्वत रामहृदय दास महाराज, प्रो. अवधेश प्रसाद पाण्डेय, पूर्व निदेशक तुलसी शोध संस्थान तथा वर्तमान निदेशक डॉ. मन्जूषा राजस जौहरी की उपस्थित रही।



संगठन सचिव अभय महाजन ने चित्रकूट में दीपोत्सव के महत्व पर सामजिक समरसता तथा सनातन संस्कृति महत्व पर प्रकाश डाला। सांस्वत रामहृदय दास भगवान श्रीराम के चित्रकूट रहने के दौरान विभिन्न घटनाओं का तथा भगवान श्रीराम जी के मर्यादा स्वरूप का वर्णन किया। डॉ. प्रमिला मिश्रा के द्वारा बताया गया कि चित्रकूट में श्री विषय पर व्याख्यान दिया गया तथा रीवा से पधारे डॉ. नलिन दुबे द्वारा दण्डकारण्य मे श्रीराम विषय पर व्याख्यान दिया। इसके पश्चात सुश्री नीलांगी कलात्रे द्वारा लीला प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर अवधेश प्रसाद पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम के महत्व एवं चित्रकूट की महिमा, श्रीराम के आदर्श स्वरूप का विवेचन किया। भैरवदास महाराज ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इसी प्रकार 19 अक्टूबर को श्रीरामलीला विश्व प्रसिद्ध खजुरीताल से श्री रामभूषण दास महाराज द्वारा स्थापित रामलीला कमेटी का संचालन महन्त श्री गुरूप्रसन्न दास महाराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री रामजन्म, ताडकावध, अहिल्या उद्धार के प्रसंगों की बहुत प्रस्तुति की गई। इसके बाद डॉ. राम नारायण त्रिपाठी द्वारा वनवासी श्रीराम के विषय पर व्याख्यान किया गया। प्रांतीय कलाकार संघ रीवा द्वारा श्रीराम जी के जीवन पर आधारित सुन्दर भक्ति संगीत भजन प्रस्तुत किया गया तथा ओरछाधीश सेवा समिति ओरछा द्वारा नीलम सिंह के साथ राघव सिंह द्वारा विनय पत्रिका के कई पद संगीत के साथ प्रस्तुत किये गये।

पूर्व जिला जज अरूण ने कहा कि सरलता सहजता पवित्र मन निष्कपट हृदय द्वारा ही भक्ति की जा सकती है तथा ईश्वर से साक्षात्कार हो सकता है। इसके पश्चात पं. अभय माणके इन्दौर के द्वारा राष्ट्रीयस्तर के गीतकार संगीतज्ञ हैं संगीतमयी गीतरामायण प्रस्तुत किया गया। पुष्प् वाटिका, लक्ष्मण-परशुराम संवाद और श्रीराम विवाह की सुन्दर रामलीला किया गया। 20 अक्टूबर को रामलीला में कैकेई मंथरा संवाद, श्रीराम वन गमन, केवट प्रसंग, भरतमिलाप का मंचन किया गया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।